माघ शुक्ल पक्ष-13, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 277 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
22 मार्च 2024 शुक्रवार

आज का मौसम
32 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

## दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी के बाद आज रिमांड मांग सकती है ईडी
# ईडी ने लगाई केविएट, केजरीवाल ने वापस ली चुनौती वाली याचिका


**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद देश में सियासत सरगर्म है. आज दोपहर उन्हें कोर्ट में भी पेश किया गया। हालांकि एक नए घटनाक्रम के तहत केजरीवाल ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका सुनवाई से पहले वापसले ली वे अब निचली अदालत में अपनी बात रखेंगे। उधर आम आदमी पार्टी के दिल्ली में तेवर उग्र हैं राजधानी में मेट्रो व अन्य सेवाएं बाधित हैं।

खबरों के मुताबिक ईडी की लाकअप में केजरीवाल रात में ठीक से सो नहीं पाए। उन्हें रात में घर से कंबल और दवाइयां दी गई थीं। केजरीवाल पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्हें पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया है। उनसे पहले इसी साल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उन्होंने गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 में कथित घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी सीएम केजरीवाल को अब तक नौ समन जारी कर चुकी है। गुरुवार को ईडी की टीम 10वां समन लेकर उनके घर पहुंची थी। केजरीवाल ने गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी ने भाजपा के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। लिहाजा दिल्ली का आईटीओ मेट्रो स्टेशन आज सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बंद है। डीएमआरसी के मुताबिक, ये फैसला दिल्ली पुलिस के कहने पर लिया गया है। इसके अलावा आज कई रूट्स के ट्रैफिक पर भी असर देखने को मिल रहा है।ताजा अपडेट के मुताबिक, आज विशेष व्यवस्था के कारण कृष्ण मेनन मार्ग, मोतीलाल नेहरू मार्ग, जनपथ, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर यातायात प्रभावित है।



फाइल फोटो

### दावा : कई अहम दस्तावेज मिले
ईडी को केजरीवाल के घर पर छापेमारी में कई अहम दस्तावेज मिले हैं। सूत्रों का कहना है कि इन दस्तावेजों से पता चला है कि केजरीवाल दरअसल ईडी अधिकारियों पर नजर रखे हुए थे। आज कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी पहली बार आम आदमी पार्टी के खिलाफ सबूत पेश करेगी। वहीं ईडी ने केजरीवाल मामले में सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल करके कहा है कि कोर्ट कोई भी आदेश देने से पहले उनकी दलील भी सुने। माना जा रहा है कि ईडी केजरीवाल की 10 दिनों की कस्टडी मांग सकती है।

### ये तो होना ही था...

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, 'ये तो होना ही था, जब शुरुआत हुई थी तभी हमने कहा था अभी फिल्म बाकी है। ये फिल्म सामने आ गई है। जो भी चुनाव लड़ना चाहता है और वह एक दल का नेतृत्व भी संभालता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। ये इनकी राजनीति है।' वहीं आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी देश 'लोकतंत्र की हत्या' और 'तानाशाही की घोषणा' है।

### जल्द सुनवाई का आग्रह किया था सिंघवी ने
न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने केजरीवाल की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को आज सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। दरअसल केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष इस मामले का विशेष उल्लेख करते हुए शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी।

### दिग्विजय सिंह ने कहा- अघोषित आपातकाल, यादव बोले दुर्भाग्यपूर्ण,
इधर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा दिग्विजय सिंह ने आज पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस लेकर केंद्र सरकार सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर जबर्दस्त हमला बोला और कहा कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति है। उन्होंने ईवीएम और इलेक्टोरल बांड को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि भाजपा के पास यही दो हथियार हैं। आज स्थिति यह है कि मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है ताकि वे चुनाव में भागीदारी न कर सकें। कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रीज कर दिया। ऐसी कंपनियों ने भाजपा को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से चंदा दिया है, जिन पर कार्रवाइयां हो चुकी हैं तथा ईडी, आइटी के नोटिस है।



**वहीं दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक सीएम के रूप में वह जेल जा रहे हैं। मीडिया से बातचीत में आज यादव ने कहा कि पद का इतना लालच अरविंद केजरीवाल को शोभा नहीं देता। उन्हें सीएम पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।



# कड़ी सुरक्षा के बीच धार में भोजशाला का सर्वे शुरू



**धार, एजेंसी।**
मप्र के धार जिला मुख्यालय पर भोजशाला का सर्वे आज से शुरू हो गया है। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की टीम भोजशाला का सर्वे कर रही है। इसका सर्वेक्षण करने के लिए एएसआई की 20 सदस्यीय टीम सुबह 6:30 बजे भोजशाला पहुंच गई। हाईकोर्ट के निर्देश पर भोजशाला का सच जानने के लिए सर्वे के लिए परिसर में आज से खुदाई शुरू होगी। भोजशाला को लेकर इंदौर में लगी एक याचिका पर सुनवाई के बाद इसी महीने में सर्वे के आदेश दिए थे। सर्वेक्षण के लिए भोजशाला के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एएसआई की टीम के साथ एसपी, एडीएम, एसडीएम और सीएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद हैं। इसके अलावा 175 से अधिक पुलिस जवान भोजशाला परिसर के आसपास तैनात किए गए हैं। भोजशाला में सर्वे पर रोक लगाने की मांग को लेकर मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोर्ट में पहले से ही काफी काम पेंडिंग है। इससे इस मामले पर तुरंत सुनवाई होना संभव नहीं है। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी ने दाखिल की यह है याचिका। सर्वे से जुड़े हाई कोर्ट के आदेश पर रोक की मांग की है।

### नहीं रोकी जाएगी नमाज
दरअसल रमजान महीने का आज दूसरा शुक्रवार है और सर्वे भी हो रहा है। ऐसे में विशेष एहतियात भी बरती जा रही है। सर्वे का असर जुमे की नमाज पर नहीं होगा। नमाज पढ़ने आने वाले लोगों को भोजशाला में प्रवेश दिया जाएगा। धार एसपी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हाई कोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा। नमाज प्रभावित नहीं होगी।

## इसरो ने दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले लॉन्च व्हीकल पुष्पक का परीक्षण किया
**नई दिल्ली।** इसरो को आज बड़ी सफलता मिली। दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार की सुबह करीब 7.10 बजे इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल पुष्पक सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक के मामले में इसरो ने बड़ी कामयाबी हासिल की है।



## इंदौर बावड़ी कांड में साल भर बाद गिरफ्तारी
**इंदौर।** पुलिस ने बेलेश्वर मंदिर समिति के दो पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को आरोपित बनाया था लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई। आज सुबह पुलिस अचानक दोनों के घर पहुंची और गिरफ्तार कर लिया। पिछले वर्ष रामनवमी पर जूनी इंदौर थाना अंतर्गत स्नेह नगर में बेलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजन चल रहा था। बावड़ी को स्लैब डालकर बंद कर दिया गया था।हवन के दौरान स्लैब ढह गया और 36 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में जूनी इंदौर पुलिस ने मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों पर केस दर्ज किया लेकिन गिरफ्तारी टाल दी गई। शुक्रवार सुबह मामले में सेवाराम सबनानी और मुरली की गिरफ्तारी कर ली।

## कानूनों के उल्लंघन से मुकदमे के बाद हालात बिगड़े
# एपल मुश्किल में फंसी, शेयरों में 113 अरब डॉलर की गिरावट
**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आईफोन बनाने वाली कंपनी एपल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले एपल पर उपभोक्ताओं और छोटी कंपनियों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा और अब शेयर बाजार में बड़ा झटका लगा है। दरअसल, अमेरिकी सरकार ने एपल पर एंटीट्रस्ट कानूनों का उल्लंघन करने का मुकदमा दायर किया है। अमेरिकी न्याय विभाग और 16 स्टेट अटॉर्नी जनरल ने गुरुवार को एपल के खिलाफ एक एंटीट्रस्ट मुकदमा शुरू किया है। वहीं, यूरोप में कंपनी को इस बारे में जांच का सामना करना पड़ रहा है कि क्या वह क्षेत्र के डिजिटल बाजार अधिनियम का अनुपालन कर रहा है। भारत में पिछले एक दशक में मोबाइल का उत्पादन तेजी से बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब डॉलर हो गया था, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ डॉलर था। हालांकि, अब एपल कंपनी के शेयर 4.1 फीसदी फिसल गए। इससे एक ही दिन में कंपनी के बाजार मूल्य में करीब 113 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। यह पहली बार नहीं है जब एपल किसी जांच के घेरे में आया है। कंपनी और उससे जुड़े लोग वर्षों से प्रतिस्पर्धियों को दबाकर खुद को लाभ पहुंचाने जैसे आरोपों का सामना कर रहे हैं। हालांकि, जैसे-जैसे एपल के उत्पाद अधिक लोकप्रिय हुए हैं और दुनिया भर में दैनिक जीवन का एक हिस्सा बन गए हैं, तब से प्रशासन भी इसके प्रति सतर्क हो गया है।



# सुपौल में कोसी नदी पर बने रहे पुल का गार्डर गिरा, कई मजदूर दबे
**पटना, एजेंसी।**
केन्द्र के भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रहे सुपौल की कोसी नदी पर सबसे बड़े पुल का गार्डर गिर गया। हादसे में कई मजदूर दब गए। इनमें से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने घायल सात मजदूरों को अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि सुपौल के बकोर और मधुबनी जिले के बीच यह पुल बन रहा है।



## ट्रैक्टर ट्राली पलटी, 3 वर्षीय मासूम समेत दो की मौत, 18 घायल
**खरगोन।** खरगोन के चैनपुर थाना क्षेत्र में भगोरिया से लौट रहे ग्रामीणों की ट्रैक्टर ट्रॉली पलट जाने से 3 वर्षीय बालिका समेत दो लोगों की मृत्यु हो गई और 18 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कल ग्राम डोपा के भगोरिया को अटेंड कर रॉयल बेड़ा जा रहे ग्रामीणों की ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गयी। घटना के चलते 35 वर्षीय रंगलीबाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि 3 वर्षीय प्रीतिमा ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण डोपा से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे चले ही थे कि उनकी ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित होकर पलट गई।

## ढह गए बड़ी आईटी कंपनियों के शेयर
**मुंबई।** शेयर बाजार आज भारी गिरावट के साथ ओपन हुआ, लेकिन कुछ ही देर में यह ग्रीन में आ गया। मगर इस बीच आईटी सेक्टर में बड़ी गिरावट आई है। आईटी सेक्टर 1.90 प्रतिशत की गिरावट पर कारोबार कर रहा है। इतनी बड़ी गिरावट टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो और एचसीएल टेक के शेयरों में 6 प्रतिशत तक की कमी के कारण आई है। दरअसल, ग्लोबल आईटी कंपनी एक्सेंचर ने आर्थिक अनिश्चितता के कारण फाइनेंशियल ईयर 2024 के लिए अपने रेवेन्यू अनुमान को 2-5 प्रतिशत से घटाकर 1-3 प्रतिशत कर दिया, जिसके बाद आज कारोबारी सत्र के दौरान भारतीय आईटी स्टॉक्स में भारी गिरावट आई और कुछ शेयर 6 प्रतिशत तक गिर गए. नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि एक्सेंचर के रेवेन्यू में कटौती भारतीय आईटी सर्विस कंपनियों के लिए थोड़ी नकारात्मक है, हालांकि ज्यादा नहीं।

**मेट्रो एंकर**
## लोकसभा चुनाव के ऐन पहले मप्र कांग्रेस में मची भगदड़ से अजब हालात
# 16 हजार के आंकड़े से चौंकी कांग्रेस ने खंगाले पुराने कागजात
**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
कांग्रेस से बड़ी संख्या में भाजपा की तरफ नेताओं के पलायन से मप्र के कांग्रेस मुख्यालय में बेवसी का आलम है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष फिलहाल तो टिकट के झमेले में व्यस्त हैं वैसे भी वे यहां रोज बैठते नहीं, लिहाजा गिने-चुने पदाधिकारी यहां बैठकर भाजपा मुख्यालय की तरफ से आ रही हताश करने वाली खबरों से किला लड़ा रहे हैं। इस 'बेकारी' के आलम में कांग्रेस ने एक पुरानी फाइल निकाली है, जो उसके गमों को कम करने में मददगार हो रही है। यह फाइल नहीं बल्कि कागजों का भारी भरकम पुलिंदा है। इसमें महज चार महीने पहले कांग्रेस कार्यालय के प्रांगण में भरने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के मेले के दृश्यों से मन का सुकून तलाशा जा रहा है। दरअसल इस फाइल में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा से कांग्रेस में आने वाले नेताओं, कार्यकर्ताओं,विधायक,पूर्व मंत्री आदि का ब्योरा है। साथ ही आवेदननुमा कागजात भी हैं, जिनमें तत्कालीन भाजपा या अन्य दलों के नेताओं ने कांग्रेस में शामिल होने की दरख्वास्त की है। कुल मिलाकर कांग्रेस पदाधिकारियों की मनोदशा अहमद फराज़ की गजल जैसी है- 'रंजिश ही सही दिल तो दुखाने के लिए आ, आ फिर से मुझे छोड़ के जाने के लिए आ..!'

उल्लेखनीय है कि भाजपा की न्यू ज्वाइनिंग टोली के मुखिया नरोत्तम मिश्रा ने कल ही ऐलान किया था कि अब तक करीब 16 हजार नेता कार्यकर्ता कांग्रेस से भाजपा में आ चुके हैं तथा अभी कुछ और भी आने वाले हैं। पार्टी के अब तक डटे कई नेता-पदाधिकारी मानते हैं कि उन्हें भी किसी न किसी तरीके से 'अप्रोच' किया गया है। कांग्रेस के एक पदाधिकारी कहते हैं कि चार महीने पहले विस चुनाव के दौरान कम से कम 22 हजार भाजपा व अन्य दलों के नेता कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए थे। इधर कांग्रेस के संगठन प्रभारी राजीव सिंह का कहना है कि 'चार महीने पहले भाजपा से कांग्रेस में आने वाले नेता-कार्यकर्ताओं के उत्साह का यह आलम था कि हमें कार्यालय के बाहर टैंट लगाकर ज्वाइनिंग करानी पड़ती थी। सड़कों पर वाहनों की एक किमी तक कतार लग जाती थी। कई बार एक ही समय में पीसीसी में तीन-तीन स्थानों पर ज्वाइनिंग कराई गई है।'




### कहां हो, आ जाओ...
फिलहाल भाजपा के इस आक्रामक अभियान से कांग्रेस के कार्यकर्ता भी हतप्रभ हैं और मजाक में ही एक दूसरे से फोन करके पूछते हैं- अरे भई कहां हो..। इसमें भी 'कहां' शब्द पर खासा जोर होता है ! हालांकि खास बात यह है कि पार्टी के वो नेता व पदाधिकारी जो एक दूसरे के कक्ष में जरूरी काम होने पर जाना पसंद करते थे वे अब एक साथ बैठ रहे हैं..।



### लिस्ट जारी करने की होड़
भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा का कहना है कि प्रधानमंत्री की गारंटी और सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों के कारण प्रभावित होकर हमारी पार्टी में कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेता शामिल हो रहे हैं और मप्र कांग्रेस मुक्त हो रहा है। कांग्रेस में भगदड़ मची है तथा अब राहुल गांधी को भगदड़ का मजा लेना चाहिए। नरोत्तम का दावा है कि कांग्रेस या दूसरे दलों को छोड़कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालो की संख्या करीब 16 हजार हो गई है। हर दिन करीब 200 से अधिक नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ रहे हैं। इससे पहले पूर्व सीएम शिवराज ने भी कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की लिस्ट जारी की थी।

# भोपाल में फिर बदला मौसम, बढ़ेगा तापमान

ओले-बारिश का दौर थमने के बाद मध्यप्रदेश में मार्च के आखिरी सप्ताह में गर्मी के तेवर देखने को मिल सकती है। भोपाल में भी अब तेज धूप व बीच बीच में हल्के बादलों की आमद देखी जा रही है। जबकि कुछ दिन पहले तक सुबह शाम ठंडी हवा महसूस हो रही थी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 23 मार्च से जो वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है, उसका प्रदेश में ज्यादा असर नहीं रहेगा। इस कारण होली पर भी गर्मी रहेगी।



### मासूम पर आवारा कुत्तों का जानलेवा हमला

# आयोग ने दिए जांच के निर्देश, मुख्य सचिव-प्रमुख सचिव से जवाब-तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने श्यामला हिल्स थानाक्षेत्र की गंगानगर बस्ती में आवारा कुत्तों द्वारा छह साल के एक मासूम बच्चे पर जानलेवा हमला के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग ने मामले में मुख्य सचिव, मप्र शासन तथा प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही भोपाल एवं प्रदेश के विभिन्न शहरों में आवारा कुत्तों के काटने से हो रही मृत्यु और गंभीर उपहातियों के संबंध में जनसुरक्षा, पीड़ितों को निःशुल्क ईलाज, आर्थिक मुआवजा राशि आदि के संबंध में इस आयोग द्वारा दिए गए पूर्व के आदेश शीघ्र उचित कार्यवाही करने और इसकी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।


## पूर्व में दिए गए आदेश के सख्ती से पालन कराने के साथ रिपोर्ट भी मांगी



### जिला अस्पताल का आईसीयू वार्ड सालों से बंद

जिला अस्पताल, भोपाल में मरीजों के ईलाज की सुविधा के लिये आईसीयू वॉर्ड तैयार कराकर करोड़ों रूपये की मशीनरी लगाई गई हैं, इसके बाद भी इसका लाभ जरूरतमंद मरीजों को नहीं मिला रहा है। आईसीयू वॉर्ड कई सालों से बंद है। नवनिर्मित आईसीयू शुरू नहीं होने के पहले यहां एसी खराब होना बताया जा रहा है। साथ ही जनरेटर की व्यवस्था की भी बात कही जा रही है। मामले में आयोग ने आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं, मध्य प्रदेश, संचालनालय, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही के बारे में एक माह में जवाब मांगा है।

### इन मामलों में भी जवाब-तलब




आयोग ने भोपाल शहर में रोशनपुरा चैराहे से बैरागढ़ के मध्य बीआरटीसी कॉरिडोर हटे एक माह हो जाने के बाद भी कॉरिडोर से हटाये गये बस स्टॉप उखाड़कर जगह-जगह सड़क किनारे फुटपाथ पर रखने, वार्ड नंबर 79, लांबाखेड़ा एवं न्यू चैकसेनगर में सीवेज लाईन ध्वस्त होने से यहां कि करीब ढ़ाई हजार रहवासी परेशान होने और मिसरोद थाना क्षेत्र से चार दिन से लापता दस वर्षीय बच्चे की लाश कुएं में मिलने की घटना पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

# नाबालिग के साथ दुष्कृत्य, आरोपी को 20 साल की जेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) तृप्ती पाण्डेय की अदालत ने नाबालिग के साथ गलत काम करने वाले एक आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर विभिन्न धाराओं में दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। लोक अभियोजक के अनुसार, 4 जुलाई 2020 को पीड़िता ने अपने माता-पिता के साथ रातीबड़ थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ नीलबड में रहती है। उसी मकान मे प्लास्टर का काम करने के लिए आरोपी आता रहता था। सुबह करीब 11 बजे जब वह नहाने गई थी, तभी आरोपी घर पर आया और जबरन हाथ पकड़ लिया। आरोपी ने उसी मर्जी के बिना गलत काम किया जब पीड़िता ने शोर मचाया तो पीड़िता का भाई आ गया, जिसे देखकर आरोपी भाग गया।

**न्यायालय ने आरोपी पर दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया**

# छेड़छाड़ के आरोपी को 5 साल का सश्रम कारावास

**भोपाल।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) रश्मि मिश्रा की अदालत ने नाबालिग लडकी से छेडछाड करने वाले एक आरोपी को 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। लोक अभियोजक के अनुसार, 31 अगस्त 2018 को पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर करीब एक बजे पीड़ित अपनी मौसी के घर गई थी। पीड़िता की मौसी किराए के मकान में रहती है। मकान मालिक का भाई उसके मकान में ही रहता है। आरोपी ने करीब ढाई बजे पीड़िता को चॉकलेट देने के बहाने अपने कमरे में बुलाया और उसके साथ अश्लील हरकत कर रहा था। इसी दौरान पीड़िता की मौसी वहां पहुंच गई और बच्ची को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया।

## ग्रुप कमांडर कॉन्क्लेव 2024 का हुआ आयोजन



**भोपाल।** एनसीसी मप्र-छग निदेशालय द्वारा सुल्तानिया इन्फैंट्री लाइन्स में दो दिवसीय वर्ष 2024 के ग्रुप कमांडर कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रशिक्षण वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों और कमी-पेशियों पर गौर किया और साथ ही आने वाले वर्ष 2024-25 के लिये रोड मैप दिया। जिससे निदेशालय में प्रतियोगिताओं और ट्रेनिंग में और सुधार किया जा सके। वर्ष 2023-24 में मप्र-छग निदेशालय छठे स्थान पर रहा, जो कि पांच स्थानों की बेहतरी थी। कॉन्क्लेव की अगुवाई मेजर जनरल अजय कुमार महाजन, अपर महानिदेशक, मप्र-छग निदेशालय ने की।

# हमें हिंदी की गरिमा के लिए मिलकर काम करना चाहिए: त्रिपाठी

### एनआईटीटीटीआर में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**भोपाल।** हमें हिंदी की गरिमा के लिए मिलकर काम करना चाहिए। हमें हमेशा हमारी भाषा पर अभिमान रहे और हम इससे जुड़े रहें। हमारा संवैधानिक दायित्व है कि हम राजभाषा संबंधित अनुदेशों का अनुपालन तत्परता और पूरी निष्ठा के साथ करें। यह बात एनआईटीटीटीआर के निदेशक डॉ. सी.सी. त्रिपाठी ने कही। राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राजभाषा गतिविधियों पर चर्चा हुई एवं राजभाषा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में निदेशक डॉ. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा की हम स्वयं मूल कार्य हिंदी में करते हुए अन्य



अधिकारियों-कर्मचारियों से भी राजभाषा अधिनियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराए। इस अवसर पर हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत करने का भी निर्णय लिया गया। निटर भोपाल वर्ष भर हिंदी कार्यशालाएं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के साथ साथ विभिन्न केंद्रीय संस्थानों के साथ समन्वय एवं सहयोग भी प्रदान करेगा।

**मेट्रो एंकर** | वेदांत संत लाल सांई के नेतृत्व में निकलेगी शोभा यात्रा

# चैतीचांद पर भव्य शोभायात्रा की तैयारियों में जुटा सिंधु समाज

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी समाज के पावन पर्व चेतीचांद के अवसर पर संत नगर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक कन्हैयालाल इसरानी ने बताया कि इस शोभायात्रा को भव्य एवं सफल बनाने के लिए 21 सदस्यीय कार्यसमिति भी बनाई गई है, जो शोभायात्रा को अंतिम रुप देने में कार्य करेगी। कार्य समिति में प्रमुख रुप से साबू वानी, मोहनलाल चंदनानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, भरत आसवानी, हरीश मेहरंचदानी, दिनेश वाधवानी (सहसंयोजक), माधू चांदवानी, नरेन्द्र लालवानी, राजेश बेलानी, मोहन लालवानी, कमल वीधानी, बसंत चेलानी, राजकुमार वाधवानी, कमलेश तोलानी, रमेश वाधवानी, अनिल आसवानी, सुरेश अजवानी, मनोहर वीधानी, कमलेश रायचंदानी, कमल प्रेमचंदानी, राजा आसनानी, राकेश हरपलानी, नारी तोलानी आदि को शामिल किया गया है। इस शोभायात्रा की संत नगर के सभी संत एवं साधुगण का सानिध्य प्राप्त होगा।



### यह होगा शोभा यात्रा में

सभी साधु संत बगियों में विराजमान रहेगे। यह शोभायात्रा नगर के कई स्थानो से होकर पूरे संत नगर में भ्रमण करेगी। शोभायात्रा में हजारो लोगो की उपस्थित रहने की संभावना है। पूरा सिंधी समाज इस शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। इस शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए आज एक बैठक लाल सांई जी के सानिध्य में आयोजित की गयी, जिसमे निर्णय लिया गया कि शोभायात्रा को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# फूलों-गुलाल से खेली बच्चों ने होली



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

डी. डी. प्ले स्कूल में गुरूवार को होली उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चे कलर फुल ड्रेस में आए। फूलों और गुलाल होली खेली। कार्यक्रम में प्राचार्य ज्योति चौहान, संस्था के संरक्षक वासदेव वाधवानी , सचिव सुरेश राजपाल एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों गुलाल लगा कर होली की बधाई दी।

### महादेव के संग खेलेंगे होली लिगांष्ठम का करेंगे पाठ

बजरंग सेना समिति ने 24 मार्च को मां गायत्री मंदिर में होली उत्सव का आयोजन रखा है। ''होली महादेवजी के संग खेली जाएगी, जिसमें गुलाब के फूल, अबीर एवं गुलाल रहेगा। तत्पश्चात् लिगांष्ठम का पाठ कर आरती की जाएगी। आरती के बाद महादेव को भांग का भोग लगाया जाएगा। तत्पश्चात् प्रसादी वितरण किया जाएगा। बजरंग सेना समिति ने सभी श्रद्धालुओं को ''होली के रंग महादेव के संग'' में आने की अपील की है। अपील करने वालो में बजरंग सेना समिति के अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग, मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, अध्यक्ष कमलेश देवानी आदि ने की है।

# आज नामांकन जमा नहीं किया तो आगे 2 दिन ही मिलेंगे, क्योंकि 3 दिन है अवकाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** यदि बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, सीधी और शहडोल लोकसभा सीट पर राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों ने शुक्रवार शाम 5 बजे तक नामांकन दाखिल नहीं किया तो उन्हें आगे 2 दिन ही मिलेंगे, क्योंकि आयोग ने याद दिलाया है कि 23, 24 और 25 मार्च को अवकाश है और इन तीनों ही दिन नामांकन जमा नहीं होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि 23 मार्च को चतुर्थ शनिवार को निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट के तहत अवकाश रहेगा। 24 और 25 मार्च को सार्वजनिक अवकाश है इसलिए अवकाश के दिनों में नामांकन जमा नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 27 मार्च है।



उल्लेखनीय है कि इन 6 सीटों पर 27 मार्च को शाम 5 बजे तक नामांकन जमा होंगे। भरे गए नामांकनों की जांच 28 मार्च की शाम 5 बजे तक होगी। इच्छुक प्रत्याशी 30 मार्च की शाम तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इन 6 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

गौरतलब कि प्रदेश में कुल 4 चरणों में चुनाव होने है। दूसरे चरण की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू होगी और 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। तीसरे चरण की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होगी और 7 मई को वोटिंग होगी। आखिरी और चौथे चरण का चुनाव 13 मई को होगा। इसके लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू हो जाएगी।

## आयोग ने कहा- पहले चरण की 6 सीटों पर 23, 24 और 25 को जमा नहीं होंगे नामांकन

### दो दिन में 6 उम्मीदवारों ने 9 नामांकन भरे

6 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के दूसरे दिन गुरुवार शाम तक 3 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। ये नामांकन सीधी, मंडला, बालाघाट लोकसभा सीट पर मिले हैं, जो कि तीन अभ्यर्थियों द्वारा किए हैं। पहले दिन बुधवार को सीधी से 2 उम्मीदवारों ने 5 और शहडोल सीट पर 1 उम्मीदवार द्वारा 1 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था। इस तरह दो दिनों में 6 अभ्यर्थियों द्वारा 9 नामांकन दाखिल किए हैं। छिंदवाड़ा व जबलपुर सीट ऐसी है जहां से अब तक एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुए हैं।

### गोंगपा ने छिंदवाड़ा समेत 10 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

## राज्यसभा सदस्य रहे अजय प्रताप का भाजपा को झटका, सीधी से देंगे टक्कर

प्रदेश में भाजपा ज्वाइन करने वालों की संख्या बड़ी जरूर है लेकिन हल्के—हल्के झटके भाजपा को भी लग रहे हैं। राज्यसभा सदस्य रहे अजय प्रताप ने ऐसा ही एक झटका भाजपा को दिया है। उन्होंने हाल ही में पार्टी से इस्तीफा दिया था। अब वह सीधी लोकसभा सीट से भाजपा को टक्कर देने के लिए मैदान में भी कूद पड़े हैं। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ( गोंगपा) ने उन्हें उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी ने मंडला लोकसभा सीट से महेश कुमार वट्टी, शहडोल से तेज प्रताप उइके, बालाघाट से नंदलाल उइके, छिंदवाड़ा से देवरावेन भलावी, रीवा से कमलेश मिश्रा, दमोह से राजेश सिंह शोयाम, खंडवा से आशाराम भावसार, सागर से अशोक बंसल और जबलपुर से गोलू अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। माना जा रहा है कि गोंगपा द्वारा प्रत्याशी उतारने जाने से भाजपा व कांग्रेस की मुश्किलें बढ़नी तय है क्योंकि पार्टी का कई सीटों पर दखल है। विधानसभा चुनाव 2023 में पार्टी ने कुछ सीटों पर प्रत्याशी उतारकर सत्ता पक्ष और विपक्ष का खेल बिगाड़ा था।

**चुनाव प्रचार से जुड़े फ्लेक्स, होर्डिंग के लिए निगमायुक्त की अनुमति जरूरी:** चुनावी प्रचार के लिए उपयोग होने वाले होर्डिंग प्रचार सामग्री के लिए निगम सीमा में निगमायुक्त की अनुमति जरूरी की गई है। इसे लेकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नगर निगम द्वारा व्यावसायिक उद्देश्य से फ्लेक्स, होर्डिंग, बैनर लगाने के लिए स्थल चिन्हित किए हैं। इन चिन्हित स्थलों पर लोकसभा निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों के द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए आवेदन प्राप्त होने पर अनुमति के लिए आयुक्त नगर निगम, भोपाल को अधिकृत किया जाता है।



# जंगलों को काटा, आग लगाई तो ड्रोन से नहीं बच सकेंगे

## जंगलों की सुरक्षा ड्रोन से करने जा रहा है मप्र का वन विभाग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जंगलों की सुरक्षा में सेंध लगाई तो ड्रोन की नजर से नहीं बच सकेंगे। मप्र जंगलों को सुरक्षित रखने के लिए ड्रोन की मदद लेने जा रहा है। ये ड्रोन उन वन मंडलों के जंगलों पर नजर रखेंगे जहां लकड़ी कटाई और आग लगाने की ज्यादा संभावना है। जंगलों को अतिक्रमण से बचाने में भी इनका उपयोग किया जाएगा। वन मुख्यालय ने यह कवायद तेज कर दी है। कुछ वन मंडलों को हाईटेक ड्रोन दे दिए हैं, अब वहां के अमले को ट्रेन किया जा रहा है, ताकि संबंधित वन मंडल अधिक से अधिक ड्रोन का उपयोग कर सके।

### ऐसे लेंगे ड्रोन की मदद

अधिकारियों के मुताबिक वन मंडलों में लकड़ी की अवैध कटाई और अतिक्रमण संभावित क्षेत्रों में बीच-बीच में अचानक ड्रोन से निगरानी की जाएगी। ऐसे वन मंडलों में चुनौतिपूर्ण वन क्षेत्रों के ड्रोन से फोटो सुरक्षित किए जाएंगे और बीच-बीच में रेंडमली ड्रोन से निगरानी कर देखा जाएगा कि कहीं लकड़ी कटाई या अतिक्रमण तो नहीं हुआ। इस आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक धार जैसे जिन जिलों में नीलगाय का मूवमेंट अधिक है और ये बार-बार राजस्व भूमि में प्रवेश करती हैं। ऐसे क्षेत्रों में ड्रोन से नजर रखी जाएगी कि संबंधित क्षेत्र में फसलों की स्थिति पूर्व में कैसी थी और नीलगाय के प्रवेश के बाद कितना नुकसान हुआ। मानसून गश्ती के लिए पहले से मप्र के पास हाथियों की संख्या कम है। ऐसे में जरुरत पड़ने पर ड्रोन की मदद से बाघों की निगरानी की जाएगी। विशेषज्ञ क्षेत्रों में वनों का घनत्व देखने के लिए ड्रोन से तस्वीर लेकर अध्ययन में मदद ली जाएगी।

### विभाग के सामने चुनौती, कम करेगा ड्रोन

प्रदेश में वनों पर हर तरफ से हमले हो रहे हैं। कहीं आग लगाई जा रही है तो कहीं अतिक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर पट्टे की मांग कम नहीं हुई है। वनों की कटाई तो आम बात हो गई है। इधर वन विभाग के पास बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए मैन पावर नही है, जो है वह कम पड़ रहा है। इन समस्याओं में प्रमुख अतिक्रमण है, जिसका दायरा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण हो या शहरी, हर क्षेत्र में वनों की सीमा से सटे क्षेत्रों में कब्जे किए जा रहे हैं। बाद में इसी कब्जे के बदले पट्टे की मांग की जाने लगती है। इस तरह वनों पर अघात पहुंच रहा है और पट्टे वितरण की स्थिति में वनों का क्षेत्रफल सिमटता जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि ड्रोन इन सभी चुनौतियों को कम करने में मदद करेगा।

# उम्मीदवार ने इंटरनेट मीडिया पर फोटो डाली तो आयोग मानेगा प्रचार, खर्च जोड़ देगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस बार लोकसभा चुनाव में यदि किसी भी उम्मीदवार, पार्टी कार्यकर्ता द्वारा इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट अपलोड की जाती है तो उसे भी प्रचार का हिस्सा माना जाएगा। अखबार और टीवी चैनलों में विज्ञापनों और पेड न्यूज की मानिटरिंग करने के साथ ही केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार इंटरनेट मीडिया पर भी पूरी नजर रखी जाएगी। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं इंटरनेट मीडिया पर प्रचार का खर्च भी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जाएगा।

जानकारी के अनुसार अभी तक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा अखबार में प्रकाशित कराए जाने वाले समाचार, विज्ञापन और अलग-अलग चैनल पर दिखाए जाने वाले विजुअल्स पर ही नजर रखी जाती थी। बदलते समय के साथ अब इस बार के लोकसभा निर्वाचन में इंटरनेट मीडिया की पोस्ट को भी प्रचार का हिस्सा माना जाएगा। चुनाव के खर्चे में इंटरनेट मीडिया का खर्च भी जोड़ा जाएगा। केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार के निर्वाचन में चुनाव खर्च की प्रक्रिया में इंटरनेट मीडिया को भी शामिल कर दिया गया है। इसी तरह भ्रामक और गलत सूचनाएं और फेक न्यूज फैलाने वालों पर भी पूरी नजर रखी जाएगी और उन पर कार्रवाई भी की जाएगी। ऐसा कार्य करने वाले व्यक्ति का पता लगाकर कानूनी धाराओं के प्रविधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### प्रकाशित सामग्री पर प्रिंटलाइन मुद्रित करना जरूरी

भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर समस्त प्रिंटिंग प्रेस आफसेट, पब्लिशर्स आदि मुद्रकों , प्रकाशकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127-क के तहत निर्वाचन पर्चा, पोस्टरों, पेंपलेटों आदि के मुद्रण के लिए मुद्रक, प्रकाशकों को निर्देशित किया है कि कोई भी ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर अथवा निर्वाचन सामग्री प्रकाशित, मुद्रित नहीं करेगा, जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक और प्रकाशक के नाम और निर्वाचन पते न हो। मुद्रित की जाने वाली प्रतियों की प्रिंटलाइन में मुद्रक और प्रकाशक के नाम एवं पते स्पष्टत: दर्शाए जाएं तथा संख्या अंकित करना होगी।

## 25 फीसदी सीटों पर प्रवेश की आज अंतिम तारीख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश की शुक्रवार को आखिरी तारीख है। वहीं प्रवेश न मिलने वाले बच्चों के अभिभावकों को भी दौबारा चॉइस फिलिंग करना होगी। निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए भोपाल जिले से 12 हजार 438 अभिभावकों ने अपने बच्चों के दाखिले के लिए आवेदन किया था। इसमें से 6 हजार 262 को स्कूल आवंटित किए थे। ऐसे अभिभावक जिनके बच्चे का नाम लॉटरी में नहीं आया है। उनके लिए लॉटरी के दूसरे चरण में स्कूल आवंटित किए जाएंगे।

## भाजपा का न्यू ज्वाइनिंग समारोह!



**भोपाल।** भाजपा कार्यालय में जब कांग्रेस के पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना के पुत्र अजय सक्सेना ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण ली तो यूं मुस्कुराते हुए यह 'रस्म' पूरी की गई । सीएम मोहन यादव व अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सक्सेना को अंग वस्त्र पहनाया। फोटो निर्मल व्यास

## एक अप्रैल तक भरे जाएंगे यूजी प्रथम वर्ष के परीक्षा फॉर्म


**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) ने बीए, बीकॉम और बीएससी के परीक्षा फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख एक अप्रेल है। विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म जमा करने से पहले अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी बनाना है। इसके बाद ही विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म जमा होंगे। अपार आईडी का सबसे बढ़ा फायदा यह है कि छात्रों के कोर्स क्रेडिट ट्रांसफर में आसानी होगी। छात्र यदि किसी कोर्स के दो विषय पढ़ चुका है और अन्य विषय बाद में पढ़ता है तो इसमें जानकारी रहेगी कि आप दो विषय शुरुआत में पढ़ चुके हैं।

## भोपाल संसदीय क्षेत्र में 23 गुना बढ़े मतदाता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 23 गुना तक बढ़ गई है। 16 चुनावों में बढ़ती आबादी से मतदाताओं का आंकड़ा अब 23.29 लाख से अधिक हो गया है। मतदाताओं की बढ़ोतरी का प्रतिशत दस साल में चार लाख के औसत से बढ़ रहा है। 1957 से 1971 तक करीब 14 साल में करीब चार लाख मतदाता बढ़े, लेकिन इसके बाद प्रति दस साल चार लाख की बढ़ोतरी रही। 2014 से 2024 के बीच भी पौने चार लाख मतदाता जुड़े। शहर की आबादी बढने का प्रतिशत 2.35 है। 2019 से 2024 तक ही करीब दो लाख मतदाता बढ़ चुके हैं। मप्र के अस्तित्व में आने के बाद भोपाल को प्रदेश की राजधानी बनाया गया। यहां सरकारी कार्यालयों की स्थापना हुई और बड़ी संख्या में बाहरी लोग यहां पहुंचे। तेजी से भोपाल की जनसंख्या बढ़ी। भोपाल का विस्तार भी हुआ। परंपरागत स्थितियों से नए युग में भोपाल आया। 1989 में जब भाजपा ने भोपाल सीट जीती तो यहां मतदाताओं की संख्या 11 लाख से अधिक पहुंच गई थी। 1952 में देश में पहला लोकसभा चुनाव हुआ, लेकिन तब मप्र अस्तित्व में नहीं था। भोपाल राज्य था और इसकी सीहोर व रायसेन दो संसदीय सीट थी।



**मेट्रो एंकर** | जिला परियोजना समन्वयकों को दिए निर्देश

# शिक्षकों को टेबलेट पर किताबें डाउनलोड कर बच्चों में बढ़ानी होगी पढ़ाने की क्षमता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राज्य शिक्षा केन्द्र ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को टेबलेट दिए थे। इनका इस्तेमाल शिक्षण व्यवस्था सुधारने के लिए किया जाना है। इनके सहारे बच्चों की रीडिंग हैबेट को बढ़ाया जाना है। राज्य शिक्षा केन्द्र से जारी निर्देश के मुताबिक डिजिटल रिर्विजिसरी लिट्रेसी क्लाउड विकसित किया गया है। इस क्लाउड पर पाठयक्रम से जुड़ी और रोचक किताबें हैं। जारी निर्देश के तहत जो टेबलेट शिक्षकों को दिए गए उन्हें उस पर लिटरेसी क्लाउड डाउनलोड करना होगा। इसकी लिंक सभी शिक्षकों को दी गई। इस पर किताबें डाउनलोड करा वे बच्चें को पढ़ने के लिए दे सकते हैं। बताया गया कि अभिभावक अगर चाहे तो स्मार्ट फोन पर से भी इसका फायदा ले सकेंगे।

### हिन्दी-अंग्रेजी भाषा में है 500 किताबों का संग्रह

हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में करीब 500 किताबों को इस पर संग्रह है। इसके अलावा नेपाली, तेलुगु, कन्नड, मराठी, तमिल, उर्दू और बंगाली के साथ दुनिया की 35 भाषाओं में बाल साहित्य उपलब्ध हैं। इन्हें निशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। बता दें बच्चों में पढ़ने की क्षमता को विकसित करने के लिए इंटरनेट का सहारा लिया जा रहा है। इसके लिए लिट्रेसी क्लाउड लॉच किया गया है। इस पर सात भारतीय भाषाओं के साथ दुनिया की 35 भाषाओं में किताबें होगी। इन किताबों को पढ़ाने की जिम्मेदारी डीपीसी की रहेगी।

सुविचार

लंबी छलांगों से कहीं बेहतर है,
निरंतर बढ़ते कदम जी एक दिन आपको मंजिल तक ले जाएंगे।
– अज्ञात

# जिन मुद्दों पर बहस होनी चाहिए...क्या राजनीतिक दल उन पर ध्यान देंगे?

■ शंकर अय्यर

भारत के लोकतंत्र के महोत्सव का बिगुल बज चुका है और वाक्पटु प्रचार अभियान गूंजने लगे हैं। चुनाव अभियान तो एक तरह से पक्षपातपूर्ण व्याख्याएं होती हैं। लेकिन घोषणापत्र पवित्र वादों के साथ होते हैं। वहीं, इन सबसे अलग, जो मुद्दे बहस और प्रतिस्पर्धी विचारों की स्पर्धा के लायक होते हैं, वे अक्सर भावनात्मक मुद्दों से पीछे रह जाते हैं। भारत विकासशील से विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह पांचवीं सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, जो इस दशक के अंत तक 100 खरब अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। अर्थव्यवस्था के राजनीतिक भूगोल में आय और समृद्धि का अंतर साफ दिखता है। याद रखना जरूरी है कि हर चीज को वृहद परिप्रेक्ष्य में देखने पर वे छोटे, पर महत्वपूर्ण मुद्दे धूमिल हो जाते हैं, जो विकसित भारत के आदर्श की दिशा में इस यात्रा की प्रगति को बाधित कर सकते हैं।



**प्राथमिक शिक्षा:** नई सहस्राब्दी की शुरुआत में जनसांख्यिकीविदों और ब्रिक्स रिपोर्ट के लेखकों ने जनसांख्यिकीय लाभांश की संभावना की भविष्यवाणी की थी। लाभांश का लाभ मानव पूंजी में निवेश पर निर्भर करता है। साथ ही यह इस पर भी निर्भर करेगा कि प्रौद्योगिकी से संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्था में अवसरों का लाभ के लेने लिए युवा कितने सक्षम हैं? प्रथम फाउंडेशन ने हाल ही में 14 से 18 वर्ष के बच्चों के कौशल पर एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें पाया गया कि हर चार में से एक बच्चा दूसरी कक्षा के पाठ अपनी क्षेत्रीय भाषा में धाराप्रवाह नहीं पढ़ सका। वहीं, आधे बच्चों को तीन अंकों की संख्या को एक अंक से भाग देने में कठिनाई हो रही थी। सच तो यह है कि भारत की सरकारें छह दशकों से शिक्षा पर जीडीपी का छह फीसदी व्यय करने का वादा करती रही हैं, लेकिन किया नहीं। इसका समाधान तकनीक से, जैसे विभिन्न प्लेटफॉर्म और एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) की मदद से किया जा सकता है। पर क्या राजनीतिक दल इसका समाधान कर पाएंगे?

**जॉब, कौशल और एआई फैक्टर:** सरकार ने रोजगार सृजन को लेकर कई तरह से और कई स्रोतों से आंकड़े पेश किए हैं। फिर भी जनमत सर्वेक्षणों में बेरोजगारी के आंकड़े बड़ी चिंता का विषय बने हुए हैं। दरअसल जरूरत और उपलब्धता के बीच अंतर है, जिसका प्रमाण पिछले महीने ही मिला, जब 48 लाख से अधिक भारतीय युवा 60 हजार पदों की एक परीक्षा में शामिल हुए। दूसरी ओर, एआई को अपनाने से आईटी सेक्टर की नौकरियों पर भी संकट है। एनवीडिया के हुआंग जेनसन का कहना है कि एआई पूरी तरह कोडिंग पर कब्जा कर लेगा। नैसकॉम के अध्यक्ष ने कहा कि बीपीओ कर्मियों को एआई से सबसे ज्यादा खतरा है। एक्सेंचर की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में काम के 44 फीसदी घंटे स्वचालित हो सकते हैं। क्या पार्टियों के पास जर्मनी और नीदरलैंड की तरह प्रभावी श्रम नीति है? हां, कांग्रेस ने जरूर स्नातक या डिप्लोमा धारकों की अप्रेंटिसशिप का विचार सामने रखा है। लेकिन क्या यह व्यवहारिक होगा? क्या चुनाव अभियान जॉब, कौशल और जेनरेटिव एआई पर बहस के गवाह बनेंगे?

**प्राथमिक स्वास्थ्य:** भारत का आयुष्मान भारत कार्यक्रम दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है। इसके अंतर्गत 30 करोड़ से अधिक लोग नामांकित हैं। वहीं, 6.20 करोड़ लोग अस्पतालों में भर्ती होकर इस योजना के तहत इलाज करा चुके हैं। फिर भी भारत की प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को लंबा रास्ता तय करना है। निश्चित रूप से इसने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित 834 लोगों पर एक डॉक्टर की उपलब्धि को हासिल कर लिया है, पर अब भी 140 करोड़ लोगों पर 13.08 लाख एलोपैथिक डॉक्टर उपलब्ध हैं। और, इनका झुकाव भी शहरी भारत की ओर है। कर्मियों और बुनियादी ढांचे की कमी लंबे समय से बनी हुई है। भारत के 5.90 लाख गांवों में 1.90 लाख उपकेंद्र, 31,000 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 6,064 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 79.50 फीसदी तक विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। क्या राजनीतिक दलों के पास इसका समाधान है?

**कृषि:** किसान अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक निर्वाचन क्षेत्र है। कृषि निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा नियोक्ता भी है। फिलहाल, एमएसपी और ऋण माफी राजनीतिक चर्चा के प्रमुख बिंदु बने हुए हैं। देखने में आता है कि कृषि अब भी लाइसेंस राज के अधीन है, पर्याप्त मूल्य नहीं मिलता। तथ्य यह है कि कृषि में लगा 45 फीसदी कार्यबल राष्ट्रीय आय के छठे हिस्से पर जीवन-यापन करने को मजबूर है। ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति आय शहर की अपेक्षा आधे से भी कम है। क्या राजनीतिक दलों के पास किसानों की स्थिति सुधारने का कोई खाका है?

**शहरीकरण:** निश्चित रूप से शहरीकरण आर्थिक वृद्धि का इंजन है। फिर भी यह भारतीय राजनीति में सौतेले बच्चे की तरह है। वास्तव में भारत 3,700 कस्बों का घर है, जो न तो शहरी हैं और न ही ग्रामीण। यह हिस्सा ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था के चौराहे पर स्थित है, जो खेती से कार्यबल के स्थानांतरण की सुविधा प्रदान करता है। दूसरी ओर, चीन ने पिछले दो दशकों में शहरीकरण को 40 से बढ़ाकर 64 फीसदी कर दिया है। बढ़ती युवा आबादी और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए भारत को अनियोजित से स्थायी शहरीकरण की ओर बढ़ना होगा। क्या शहरी मतदाताओं पर ध्यान दिया जाएगा?

चीन 2005 में ही ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था। चीन की जीडीपी 22.4 खरब अमेरिकी डॉलर, प्रति व्यक्ति आय 1,750 डॉलर, साक्षरता दर 91 प्रतिशत और इसका 45 फीसदी कार्यबल कृषि में लगा हुआ था। 2024 में इसकी जीडीपी लगभग 180 खरब डॉलर और प्रति व्यक्ति आय 12,500 डॉलर होने का अनुमान है। चीन ने विनिर्माण का विस्तार करने के लिए वैश्विक अवसरों का लाभ उठाया। श्रम को खेतों से उत्पादक क्षेत्रों में स्थानांतरित किया और आक्रामक रूप से शहरीकरण किया। भारत को चीन से भी ज्यादा करने की जरूरत है, क्योंकि भारत व्यवधानों, जनसांख्यिकी, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और अनिश्चितता की बढ़ती आशंकाओं का सामना कर रहा है। क्या राजनीतिक दलों के पास भारत को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की कोई योजना है?

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

l iknd h;

## चुनाव में अफसरों की भूमिका

आम चुनाव की गहमागहमी प्रशासनिक व राजनीतिक हल्कों में महसूस हो रही है। नेताओं की टिकट और अफसरों की जमावट को लेकर हर जगह हल्ला है। नेताओं के टिकट का मामला तो चुनाव की तारीख के नजदीक आते आते सिरे चढ़ेगा मगर एक मामला अफसरों की भूमिका व जमावट का भी है। दरअसल चुनाव की तारीखें घोषित होने से पहले ही निर्वाचन आयोग ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों का तबादला करें, जिन्होंने अपने पद पर तीन वर्ष का समय पूरा कर लिया है या जो अपने गृह जिलों में तैनात हैं। मगर राज्य सरकारों ने उस निर्देश पर अमल नहीं किया। अब चुनाव की तारीखों का एलान करने के साथ ही निर्वाचन आयोग ने गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का निर्देश जारी कर दिया। इसके अलावा मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य विभाग के सचिवों को भी हटाया गया। इस फैसले को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। खासकर पश्चिम बंगाल सरकार इसे लेकर पक्षपात का आरोप लगा रही है,तो इस दल का आरोप को प्रतीक्षित था ही। मगर उप्र सरकार भी नहीं चाहती थी कि उसके गृह सचिव को हटाया जाए, पर निर्वाचन आयोग ने उसकी दलील नहीं मानी। यह कोई छिपी बात नहीं है कि चुनाव में शीर्ष अधिकारियों की बड़ी भूमिका होती है। गृह सचिव राज्यों में और जिलाधिकारी जिलों में निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि होते हैं। इसलिए अगर वे निष्पक्ष नहीं होंगे, तो उन जगहों पर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठेंगे ही। इसलिए निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिवों और पश्चिम बंगाल के पुलिस आयुक्त को हटाया। हालांकि यह न तो पहली बार हुआ है और न कानून की नजर में कोई गलत कदम है। जहां भी निर्वाचन आयोग को लगता है कि कोई अधिकारी चुनाव में निष्पक्ष भूमिका नहीं निभा सकता या निभा रहा, तो वह उसे हटा कर उसकी जगह दूसरे अधिकारी को नियुक्त कर सकता है। राजनीतिक दलों की शिकायतों के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया के दौरान भी कई बार अधिकारियों को बदल दिया जाता है। अभी जिन राज्यों के गृह सचिवों और पश्चिम बंगाल के पुलिस आयुक्त को हटाया गया, उनके बारे में पहले से राजनीतिक दल शक जाहिर कर रहे थे। उनकी संबंधित राज्य सरकारों के प्रति अधिक निष्ठा देखी जा रही थी। पश्चिम बंगाल के पुलिस आयुक्त तो काफी समय से विवादों में घिरे थे। उनके खिलाफ सीबीआइ ने शिकंजा कसने की कोशिश की थी, तब मुख्यमंत्री खुद धरने पर बैठ गई थीं। ऐसे में भला उन पर कैसे भरोसा किया जा सकता था कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग करेंगे, राज्य सरकार की मर्जी के अनुरूप काम नहीं करेंगे। उनके खिलाफ कांग्रेस ने भी शिकायत दर्ज कराई थी। उत्तर प्रदेश के गृह सचिव को लेकर भी इसी तरह की आशंकाएं जाहिर की जा रही थीं। ऐसे समय में, जब विपक्षी दल मतदान मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए आंदोलन पर उतरे हुए हैं, बड़े जन समुदाय में भी चुनाव प्रक्रिया पर संदेह पैदा हो गया है, तब ऐसे अधिकारियों को उनके पद पर बनाए रखना किसी भी रूप में उचित नहीं होता जिनका आचरण संदिग्ध माना जाता रहा है। मगर सवाल यह है कि क्या इससे चुनाव में निष्पक्षता की गारंटी सुनिश्चित हो जाएगी? अब निर्वाचन आयोग को यह भरोसा कायम करना होगा कि हटाए गए अधिकारियों की जगह जिन्हें नियुक्त किया गया है, वे वास्तव में पक्षपातपूर्ण व्यवहार नहीं करेंगे। जिस तरह की सक्रियता और प्रतिबद्धता वह अभी दिखा रहा है, उसे पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान दिखानी पड़ेगी।

## आज का इतिहास

- 1739 में मुग़लों की राजधानी दिल्ली में फ़ारस की सेना ने कत्लेआम किया। दरअसल, मार्च 1739 में फ़ारस (अब ईरान) के बादशाह नादिरशाह ने भारत पर हमला कर दिया और करनाल में हुई लड़ाई में मुग़लिया सेना की बुरी तरह से शिकस्त हुई थी। मुग़लों की हार के बाद नादिरशाह का दिल्ली पर कब्जा हो गया। नादिरशाह जब अपने लाव लश्कर के साथ लाल किले पर पहुंचा तो यहां दंगे भड़क गए और लोगों ने उसकी सेना के कई सिपाहियों को मार दिया। इससे गुस्साए नादिरशाह ने दिल्ली में 'कत्लेआम' का आदेश दिया और आज की पुरानी दिल्ली के कई इलाकों में उसकी फौज ने आम लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना को इतिहास में 'कत्ले आम' के तौर पर जाना जाता है।
- **1890** - रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले भारतीय व्यक्ति बने।
- **1894** - चटगांव विद्रोह का नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म हुआ।
- **1942** - सर स्टैफर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत पहुंचा। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापानी नौसेना और वायुसेना ने पोर्ट ब्लेयर में कदम रखा।
- **1947** - लॉर्ड माउंटबेटन आखिरी वायसराय के तौर पर भारत आए।
- **1964** - कलकत्ता में पहली विंटेज कार रैली का आयोजन हुआ।
- **1969** - भारतीय पेट्रोकेमिकल्स निगम लिमिटेड का उद्घाटन हुआ।
- **1977** - आपातकाल के बाद हुए आम चुनाव में कांग्रेस की जबरदस्त हार के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति को इस्तीफा सौंपा।
- **1993** - पहली बार विश्व जल दिवस मनाया गया।
- **1995** - रूसी अंतरिक्ष यात्री वालेरी पेलियाकोव साढ़े चौदह माह के रिकार्ड अंतरिक्ष प्रवास के पश्चात् पृथ्वी के लिए रवाना।
- **1999** - भारतीय शेखर कपूर की फ़िल्म %एलिजाबेथ% को सर्वश्रेष्ठ मेकअप का आस्कर पुरस्कार, जार्डन के शाह अब्दुल्ला ने अपनी पत्नी राजकुमारी रानिया को आधिकारिक रूप से महारानी नामित किया।
- **2003** - पाकिस्तान सरकार ने इराक पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर सैफ सेल प्रतियोगिता स्थगित की, गठबंधन सेनाओं ने फरात नदी के किनारे पर स्थित नासिरिया शहर पर कब्ज़ा किया और बसरा की घेराबंदी कर दक्षिणी इराक में अपने आगे बढ़ने का सिलसिला जारी रखा।
- **2005** - हिकिपुन्ये पोहांबा ने नामीबिया के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- **2007** - पाकिस्तान ने हत्फ़-7 मिसाइल का परीक्षण किया।
- **2010**– केरल सरकार द्वारा गठित 14 सदस्यी समिति ने कोला के पलक्कड स्थित प्लांट से पर्यावरण नुक़सान की पुष्टी करते हुए 218 करोड का हर्जाना माँगने की तथा इसके लिए क़ानूनी लड़ाई लड़ने के लिए एक प्राधिकरण के गठन की शिफारिश की।
- **भारतीय** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की स्वर्ण चतुर्भुज परियोजना में कार्यरत युवा इंजीनियर सत्येंद्र दुबे की बिहार में गया स्थित सर्किट हाउस के सामने 27 नवंबर 2003 को तड़के गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के मामले में तीन लोगों, मंटू कुमार, उदय कुमार तथा पिंकू रविदास को पटना की एक अदालत ने दोषी ठहराया।
- **प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 2020 में आज के दिन कोविड-19 महामारी के प्रकोप को देखते हुए 'जनता कर्फ़्यू' लगाने का ऐलान किया था।

## निशाना

### है खतरा मंडरा रहा !



– कृष्णेन्द्र राय

बचना गिरफ्तारी से ।
होगा लगता दूर ।।
लगता कोर्ट बोल रहा ।
है सब कुछ भरपूर ।।
बार-बार समन से ।
काम न चलने वाला ।।
है ख़तरा मंडरा रहा ।
मुश्किल में रखवाला ।।
ऊंट पहाड़ नीचे ।
लगता शायद आया ।।
आई आंच घोटाले की ।
छोड़ रहा ना साया ।।
धीरे धीरे चर्चा ।
बढ़ रही चहुंओर ।।
छंटे नहीं हैं बादल ।
है संकट घनघोर ।।

# आखिर क्यों विभाजित नहीं होती भाजपा?

■ राकेश अचल

भारत की राजनीति में कांग्रेस समेत अधिकाँश दल अक्सर विभाजित होते आये हैं लेकिन भाजपा में अभी तक स्पष्ट विभाजन कभी हुआ। भाजपा टूटी लेकिन ऐसी नहीं की उसकी टूटन से भाजपा का भत्ता ही बैठ जाए। भाजपा में इस समय पिछले 44 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा असंतोष है लेकिन भाजपा विभाजित होने वाली नहीं है। भाजपा में अब तक गुजरात और मध्य प्रदेश में ही बगावत हुई थी लेकिन अब बगावत के सुर कर्नाटक से उठ रहे है।

भाजपा ने विभाजन का दर्द कभी ढंग से महसूस ही नहीं किया जबकि कांग्रेस तो बीते सौ साल में एक बार नहीं बल्कि बार-बार विभाजित हुई ,किन्तु कभी समाप्त नहीं हुई। आज भी कांग्रेस की देश के अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं। तेलंगाना,हिमाचल और झारखंड अभी तक कांग्रेस का ध्वज उठाने वाले राज्य हैं। दो आम चुनाव जीतने के बाद भी भाजपा इस देश को कांग्रेस मुक्त नहीं कर पायी है। 2024 के आम चुनाव में क्या होगा ,ये कहना कठिन है।

आपको बाटा दूँ कि 1947 में देश के स्वतंत्र होने से लेकर से लेकर 2019 तक, 17 आम चुनावों में से, कांग्रेस ने 6 में पूर्ण बहुमत जीता है और 4 में सत्तारूढ़ गठबंधन का नेतृत्व किया है। इस तरह कांग्रेस कुल 49 वर्षों तक वह केंद्र सरकार का हिस्सा रही। कांग्रेस ने देश को एक -दो नहीं बल्कि पूरे सात प्रधानमंत्री दिए हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ,लाल बहादुर शास्त्री , इंदिरा गांधी ,राजीव गांधी ,पी.वी. नरसिम्हा राव और डा मनमोहन सिंह कांग्रेस के अंतिम प्रधानमंत्री बने । कांग्रेस 2014 के आम चुनाव में एक बार सत्ताच्युत हुई तो अब तक सत्तारूढ़ नहीं हो पायी। कांग्रेस ने आज़ादी से अब तक का सबसे ख़राब आम चुनावी प्रदर्शन 2014 में किया और 543 सदस्यीय लोक सभा में केवल 44 सीट जीती। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस 44 से आगे बढ़कर 52 पर आ पायी ,अब 18 वे आम चुनाव में कांग्रेस की छलांग उसे कहाँ तक ले जा पाएगी ये भविष्य के गर्त में हैं।



मै बात कर रहा था भाजपा में असंतोष की । भाजपा में पिछले 44 साल में 11 अध्यक्ष चुने गए, मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल एक्सटेंशन पर हैं। भाजपा को सत्ता के शीर्ष तक पहुँचाने के लिए भाजपा का रथ खींचने वालों में अटल बिहारी बाजपेयी,डॉ मुरली मनोहर जोशी,बंगारू लक्ष्मण, कुशाभाऊ ठाकरे और जेना कृष्णमूर्ति के अलावा वैंकया नायडू,राजनाथ सिंह ,नितिन गडकरी और अमित शाह का नाम प्रमुख है। भाजपा में असंतोष लालकृष्ण आडवाणी के समय भी था और आज भी है । आडवाणी के समय में मध्य-प्रदेश में उमा भारती और गुजरात में केशूभाई के बाद शंकर सिंह बाघेला जैसों ने बगावत की,अलग पार्टियां बनाई,लेकिन वे कभी राष्ट्रीय पार्टियां नहीं बन पायीं और अंततः भाजपा से अलग हुई पार्टियां भाजपा में ही विलीन हो गयीं।

पिछले एक दशक से सत्ता पर काबिज भाजपा की चाल,चरित्र और चेहरे में बहुत तब्दीली आयी है। आज भाजपा कारपोरेट तरीके से चल रही है। भाजपा में बगावत का मतलब बाग़ी साथी का मटियामेट करना होता है। जो पार्टी नेतृत्व के खिलाफ गया उसको मिट्टी में मिला दिया गया हो। यशवंत सिन्हा से लेकर तमाम लोग हैं जो मौजूदा नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने में घबड़ा रहे हैं। मौजूदा नेतृत्व के आतंक के बावजूद हरियाणा में ,राजस्थान में ,आंधी प्रदेश में और अब कर्नाटक में बगावत के स्वर सुनाई दे रहे हैं।ताजा खबर ये है कि बेटे को टिकट नहीं मिलने से नाराज कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के.एस. ईश्वरप्पा ने शिवमोग्गा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस लोकसभा सीट से भाजपा ने बी एस येदुयुरप्पा के बेटे बी वाई राघवेंद्र को उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को के.एस. ईश्वरप्पा ने येदियुरप्पा परिवार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि शिवमोग्गा से वह चुनाव जीतेंगे,चुनाव नतीजों के बाद येदियुरप्पा के दूसरे बेटे बी.वाई. विजयेंद्र से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पद छिन जाएगा। उन्होंने अपने बेटे कांतेश का टिकट कटने का ठीकरा भी येदियुरप्पा पर ही फोड़ दिया। इस बयान के बाद येदियुरप्पा का भी बयान आया। उन्होंने कहा कि विजयेंद्र को जिम्मेदारी केंद्रीय नेतृत्व ने दी और जनता उनके आरोपों का जवाब देगी। आम चुनाव कोई प्रक्रिया शुरू होने के बाद भाजपा में असंतोष को दबाने के लिए भाजपा का नेतृत्व क्या सबके साथ यशवंत सिन्हा की तरह ही व्यवहार करेगा या कोई दूसरा रास्ता खोजेगा ये कहना कठिन है। भाजपा का असंतोष कांग्रेस के लिए कितना फायदेमंद होगा कहना जल्दबाजी होगी ।हाँ यदि भाजपा की ही तरह कांग्रेस भी अपने यहां भाजपा के असंतुष्टों के लिए शरणार्थी शिविर खोल ले तो शायद बात बन जाए। वरुण गांधी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के भांजे अनूप मिश्रा तक असंतुष्टों की कतार में हैं। नेतृत्व के मामले में दोनों दलों में जमीन -आसमान का अंतर है। कांग्रेस का नेतृत्व जहाँ गांधी परिवार की छाया से मुक्त नहीं है वहीं भाजपा का नेतृत्व इस समय स्वयंभू हो गया है । उसके ऊपर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का नियंत्रण भी नहीं रह गया है।

**साभार :** लेखक वरिष्ठ पत्रकार है यह उनके विचार है।

# पिंक नपा में रंग बिरंगी होली की जगह कर्मचारियों की ब्लैक होली के आसार



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नपा कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया है कि कर्मचारियों को सातवें वेतनमान कि अंतिम किश्त राशि व मंहगाई भत्ता एरियर्स का भुगतान नगरपालिका के द्वारा होलिका पर्व कि गरिमा को समझते हुए समय से पूर्व किया जावे. इस आशय से विधायक जिला प्रशासन व नगरपालिका को मांगपत्र दिये गये है परंतु ऐसे आसार अभी तक देखने में नहीं आये है कि कर्मचारियों को होलिका जैसे महान पर्व पर यह देयक भुगतान संभव हो सके.कार्य की गतिविधियों को देखते हुए ऐसा नहीं लग रहा है कि पिंक नगरपालिका में कर्मचारियों कि होली रंग बिरंगी रहेगी या ब्लैक क्योंकि होलिका का पर्व ब्लैक रहने के पूरे आसार नजर आ रहे हैं।

वित्तीय वर्ष का अंतिम माह चल रहा है हाल ही में रामजी बाबा मेले समापन के बाद नगरपालिका कि आर्थिक स्थिति मजबूत है. तत्कालीन सीएमओ नवनीत पाण्डे के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया जगत को अवगत कराया गया था कि नगरपालिका कि आर्थिक स्थिति मजबूत है मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश अत्रे से मोबाइल पर कि गई चर्चा के अनुसार आश्वासन भी दिये गये थे कि होलिका पर्व के पहले कर्मचारियों को सातवें वेतनमान कि अंतिम किश्त व मंहगाई भत्ता एरियर्स राशि का भुगतान होलिका पर्व के पूर्व कर दिया जावेगा वे अपना आश्वासन पूरा कर पाते उसके पहले उनका स्थानांतरण हो गया आने वाले समय में शायद यह स्थानान्तरण कर्मचारियों के लिए अभिशाप न बन जाये क्योंकि पिछले वर्षों से आने वाले रक्षाबंधन, दशहरा, दीपावली, होलिका जैसे पर्वो पर हमेशा ही सातवें वेतनमान कि अंतिम किश्त राशि के भुगतान को लेकर मांगपत्र दिये गये है जिसका शासन, प्रशासन, नगरपालिका के द्वारा हमेशा ही अनदेखा किया गया है।

### नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ ने जताई आशंका

### होली पर्व को देखते हुए कर्मचारियों के लंबित देयकों का हो भुगतान: वर्मा

पिंक नगरपालिका में हाल ही में पदस्थ नगरपालिका सीएमओ श्रीमती हेमेश्वरी पटले, व अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव से मजदूर संघ अपेक्षा करता है कि होलिका पर्व कि गरिमा को समझते हुए समय से पूर्व मंहगाई भत्ता एरियर्स एवं सातवें वेतनमान कि अंतिम किश्त राशि का भुगतान कर्मचारियों को किया जावे जिससे वह परिवार सहित रंग बिरंगे पर्व का आंनद प्राप्त कर सके।

# स्वीप गतिविधि: शासकीय वाहनों पर स्लोगन स्टीकर लगाकर कलेक्टर ने किया शुभारंभ

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के नेतृत्व में स्वीप प्लान के तहत आज जन मानस में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव हेतु जागरूकता फैलाने तथा अधिक से अधिक संख्या में वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, इसी क्रम में शासकीय वाहनों पर स्लोगन लगाकर प्रचार करने की गतिविधि का शुभारंभ कलेक्टर द्वारा स्वयं के वाहन पर प्रचार हेतु स्टीकर लगाकर किया, इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ सुजान सिंह रावत तथा अपर कलेक्टर डी के सिंह द्वारा अपने - अपने वाहनों पर भी स्लोगन स्टीकर लगाया गय। मताधिकार तथा मतदान के संवैधानिक कर्तव्य की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है, शासकीय विभागों द्वारा समय - समय पर विभिन्न प्रकार के आयोजन के द्वारा लोगों तक मतदान की शक्ति जानने के लिए संदेश रूपी आयोजन किए जा रहे है। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा आज शासकीय मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए वाहनों पर स्टीकर लगाकर स्वीप प्लान को प्रारंभ किया, इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री



सोनिया मीना के अतिरिक्त अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी डी के सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुजान सिंह रावत, आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के साथ समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। स्वीप प्लान प्रारंभ के बाद आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ टीम द्वारा बस स्टैंड तथा शहर के अलग - अलग मार्गो पर बसों तथा अन्य छोटे वाहनों पर जन जागरूकता तथा मताधिकार के प्रति जागरुकता की थीम पर बने स्टीकर को लगाया गया, तथा यात्री वाहनों में बैठे नागरिकों को वोट की ताकत तथा ज्यादा से ज्यादा मत के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर की मौजूदगी में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन हुआ

**नर्मदापुरम।** गुरुवार को कलेक्टर सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं कलेक्टर की उपस्थिति में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान जिले के चारों विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला ईवीएम प्रबंधन के नोडल अधिकारी , जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एवं चुनाव पर्यवेक्षक उपस्थित थे । ईवीएम प्रबंधन के नोडल अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि जिले में वर्तमान में कुल मतदान केंद्र 1187 के मान से 130 प्रतिशत सीयू 1543, सीयू 1554 तथा 140 प्रतिशत के मान से वीवीपीएटी 1662 को लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु तैयार किया गया है। फर्स्ट लेवल चेकिंग एफएलसी मशीनों में से 05 प्रतिशत से अधिकतम 10 प्रतिशत तक मशीनों को प्रशिक्षण एवं जागरूकता हेतु फर्स्ट लेवल चेकिंग की हुई मशीनों में से नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एवं जागरूकता की मांग के आधार पर 07 प्रतिशत प्रशिक्षण एवं जागरूकता हेतु कुल 83 बीयू, सीयू 83, तथा 83 वीवीपीएटी विधानसभा में प्रशिक्षण के लिए 18 मार्च को आमंत्रित की गई थी।



## महाप्रबंधक भारतीय खाद्य निगम विशेष गढ़पाले ने खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया

**नर्मदापुरम।** भारतीय खाद्य निगम भोपाल के महाप्रबंधक विशेष गढ़पाले ने नर्मदापुरम जिले में संचालित खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केन्द्रों में बारदाने की उपलब्धता, खरीदी केन्द्रों में लगाए गए पोस्टर, बैनर, खरीदी केंद्रों में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, गेहूं में पाई जाने वाली मास्यूचर, उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। महा प्रबंधक गढ़पाले ने कलेक्टर सोनिया मीना से उपार्जन केंद्रों में गेहूं उपार्जन की आवश्यक जानकारी भी ली। महाप्रबंधक गढ़पाले ने नर्मदापुरम जिले के खरीदी केंद्र सहकारी सेवा समिति रायपुर, सेवा सहकारी समिति घाटली, एसडब्लूसी पवार खेड़ा, सेवा सहकारी समिति एसडब्लूसी इटारसी का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों से कहा की वे उच्च गुणवत्ता के गेहूं खरीदें। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधा किसानों को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।



## सीएमओ ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

**सिवनी मालवा।** लोक सभा चुनाव 2024 के मतदान केंद्रों का निरीक्षण नगर पालिका सीएमओ द्वारा शासन के निर्देश अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निकाय क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए ताकि निर्वाचन में मतदाता को मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या ना हो। निरीक्षण में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी, मुख्य लिपिक संजय गोयल, स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, अर्पित कटियार, प्रदीप गौर,अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### बगैर आदेश के गरीबों के आशियानों को नाली बनाने के नाम पर तोड़ा

# पंचायत का सरपंच बना कार्य एजेंसी, नाली निर्माण चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

ग्राम पंचायत बराखड़ खुर्द में दो पीपल वाले बाबा कॉलोनी में 350 मीटर की नली का निर्माण कराया जा रहा है। नाली निर्माण में हो रहे भारी भ्रष्टाचार की शिकायत ग्रामीणों ने पहले भी जनपद सीईओ को करके या बताया था कि इस नाली में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसकी जांच पर इंजीनियर ने स्वयं जाकर गुणवत्ताहीन कार्य को रुकवा दिया गया था। अब इस नाली निर्माण में नाली का निर्माण आश्चर्यजनक तरीके से किया जा रहा है। इस नाली का नाम हिटलरी नाली के नाम से भी हम या संबोधित कर सकते हैं क्योंकि नाली बनाते समय नाली के बीच में बिजली का खंबा आया तो भी नाली बन गई, मकान का पिलर आया तो भी नाली बन गई। लेकिन कुछ नापसंद गरीबों के शौचालय के गद्दे, किचन और सीढ़ियां आई तो वे सब तोड़ दिए गए। किन के आदेशों पर इन गरीबों को नुकसान पहुंचा है यह ग्रामीणों के जहन में यक्ष प्रश्न है ?

इसी पंचायत में विगत 1 साल के अंदर लगभग 20 से 22 लख रुपए का निर्माण कार्य हुआ है जो अब एक जांच का विषय बनता जा रहा है की इन निर्माण कार्यों में कितनी गुणवत्ता है या कितना भ्रष्टाचार हुआ है।

जहां एक और तो हम रामराज्य के सपने को साकार करने की कोशिश में जुटे हैं। वही दूसरी और कुछ सत्ता के मदमस्त लोग हिटलर शाही को अपनाते हुए पूरे प्रशासन को उंगलियों पर नचा रहे हैं । यदि ऐसा नहीं होता तो अधिकारियों के संज्ञान में यह आश्चर्यजनक नाली निर्माण की बात आने के बाद कोई कार्रवाई होना था लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हुआ। लगभग 6,77000 रुपए की लागत से जो 350 मीटर लंबी बनना है। जिसमें जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है अब इस पूरे भ्रष्ट सिस्टम को रोकने के लिए ग्रामीणों ने इस और जिला कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से ध्यान देने का निवेदन किया है।

दो पीपल वाले बाबा कॉलोनी में निवास करने वाले अनिल सेन, विनोद खराटे, कमल कटारे शोभाराम धनगाए, मनोज मांडवी, कमलेश साहू, सुनील मालवीय, सुमेर धनगाए, प्रकाश खराटे, परसराम बरखाने, रमेश पाटिल, मन्नूलाल उईके, पूनम लववंशी, रामभरो साहू, भूरा विश्वकर्मा, शुभम यादव, राकेश कटारे, विकास यादव सहित अनेक लोगों ने आरोप लगाया है कि सरपंच ने बिना वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति लिए अनेक मकान की दीवारें तोड़ दी, लैट्रिन के गड्ढे तुड़वा दिए, कहीं किचन तोड़ दी गई । यही नहीं कुछ मकान वैसे ही छोड़ दिए, कुछ निर्माण तोड़ दिये।





कालोनी निवासियों ने मकान तोड़ने और छोड़ने के इस मनमाने तरीके के कारण विरोध करना शुरू कर दिया । जो लोग मकान नहीं तोड़ रहे थे तो सरपंच पुलिस ले आया और पुलिस के दबाव में जेसीबी के माध्यम से मकान तोड़ दिए गए । यह कैसा विकास है या यू कहे कि यह कैसा नाली निर्माण है और यह कैसी सरपंची है जो जनहित और लोकहित में नहीं है मनमर्जी का पर्याय बन चुकी है जहां जनहित, जन भावना, जन समर्थन का कोई मूल्य और औचित्य नहीं है। ऐसा नहीं है कि विरोध करने वाले लोगों ने कोई शिकायत या कोई ज्ञापन अधिकारियों के को नहीं दिया हो । पहली शिकायत 22 फरवरी को की और दूसरी शिकायत 20 मार्च को की लेकिन अधिकारियों ने एक नहीं सुनी और सरपंच अपनी सरपंची के दम पर लोगों की टपरिया लैट्रिन के गद्दे, किचन, ऊपर चढ़ने के जीने, सब तोड़ता रहा कोई रोकने वाला नहीं । शिकायत करने के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं । यह कैसा प्रजातंत्र है । आपको बता दें कि दो पीपल वाले बाबा की कॉलोनी अत्यंत गरीब लोगों की बसाहट है । इसमें कुछ क्षेत्र नगर पालिका और शेष ग्राम पंचायत बराखड खुर्द का आता है। उपयंत्री द्वारा डाले गए लेआउट के कारण अनेक लोगों के मकान, दीवारे, किचन, लैट्रिन के गड्ढे बिना वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाये या अनुमति लिए बिना ही तोड़ दिए गए। ऑटो चलाने वाले, दूसरों के घर जाकर कपड़े धोने वाली महिला ने साथ-साथ हजार रुपए खर्च कर लैट्रिन के गड्ढे खाली कराये अब वे गद्दे टूटी स्थिति में पड़े हैं।

### अब नाली निर्माण बना विवाद का स्वरूप

नाराज नागरिकों एसडीम सरोज परिहार और जनपद सीईओ श्रुति चौधरी को 22 फरवरी और 20 मार्च को शिकायती आवेदन और ज्ञापन सौपकर नाली निर्माण में हो रही लापरवाही, मनमर्जी और घटिया क्वालिटी का मटेरियल लगाकर नाली निर्माण के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है । किंतु अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही न करने के कारण अब नागरिक ज्यादा परेशान हो चुके हैं कि वे कोर्ट जाने का मन बना रहे हैं।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार अधिकारी

दिलचस्प बात यह है कि जब जनपद के उपयंत्री आदित्य स्वामी से इस संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि हमने रोड से नलजल योजना और अन्य कार्यों के लिए 3.5 फुट छोड़कर नाली निर्माण करने का लेआउट दे दिया था । जब यह पूछा कि आपके रिकॉर्ड में रोड कितने फीट चौड़ा है तो उन्होंने अभिज्ञता व्यक्त की । उनसे फिर पूछा गया कि जब आपको रोड की चौड़ाई ज्ञात नहीं है, कोई सीमांकन नहीं है तो ऐसी स्थिति में अपने लेआउट लोगों के मकान, लैट्रिन के गड्ढे और किचन के अंदर से कैसे डाल दिया.? तब इतना ही कहा रोड से 5 फीट छोड़कर, 5 फीट के अंदर नाली निर्माण होना है । इंजीनियर साब ने लेआउट देते समय यह भी नहीं देखा की नाली के अंदर कई सालों से खड़ा खंबा आ रहा है लोगों के मकान का पिलर आ रहा है लैट्रिन के बने गड्ढे आ रहे हैं और लोगों के किचन आ रहे हैं लेकिन इंजीनियर साब ने लेआउट डाल दिया । कार्य एजेंसी सरपंच ने जेसीबी बुलाई और गरीबों के मकान किचन लैट्रिन के गद्दे तोड़ दिए लेकिन सब चुप थे । गरीबों की पुकार कोई सुनने वाला नहीं था।

**मेट्रो एंकर**

### सहायक यंत्री पिपरिया के विरूद्ध विभागीय जांच के दिए निर्देश

# जिपं सीईओ ने की नलजल योजना की प्रगति की समीक्षा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो, नलजल योजनांतर्गत किये जा रहे कार्य समय सीमा में व गुणवत्ता पूर्ण हो यह निर्देश सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये। सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा 21 मार्च को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत नलजल योजना के प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्ण नलजल योजना विगत बैठक में योजनाओं को पूर्ण करने हेतु दिये गये लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति की समीक्षा की गई एवं नलजल योजनाओं की पूर्णता कम होने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गई।**




सीईओ जिला पंचायत द्वारा निर्देश दिये गये कि सहायक यंत्री व उपयंत्री द्वारा पंचायत वार नलजल योजना की प्रगति का आकलन किया जाए। समीक्षा के दौरान पिपरिया के सहायक यंत्री सतीष चंद्र साहू द्वारा कार्यों में लापरवाही करना पाया गया, वो बैठक में भी अनुपस्थित रहे, जिस कारण उनके विरुद्ध विभागीय जांच किये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये। बैठक में यह भी ज्ञात हुआ कि क्षेत्र में उपयंत्रियों के पास कार्यों के आवंटन में विसंगती है। अतः उपयंत्रियों के दायित्वों एवं कार्यक्षेत्रों के पुनः निर्धारण के निर्देश कार्यपालन यंत्री को सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये साथ ही मैकेनिकल फील्ड के उपयंत्रियों को भी विभागीय नलजल कार्यों का दायित्व दिये जाने के निर्देश दिये गये।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के टोल फ्री नंबर 07574-253119 के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिये गये जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। सीईओ श्री रावत द्वारा निर्देश दिये गये कि, जिन ग्राम पंचायतों में प्रावधान अनुसार पानी की टंकी रखी जाना है वहां अनिवार्यतः पानी की टंकी की व्यवस्था की जाये। पूर्ण नलजल योजनाओं को जिला स्तरीय समिति में अनुमोदित कराकर हैंडओवर किया जाये जो योजनाएं हैंडओवर कर दी गई हैं उनके वीडियो तैयार कर शासन स्तर से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान पीएचई विभाग के अमले द्वारा विद्युत कनेक्शन के संबंध में समस्या से सीईओ जिला पंचायत को अवगत कराया गया। जिसके समाधान हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को बैठक में बुलाकर निराकरण भी कराया गया है। ज्ञात हो कि सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा लगातार ग्राम पंचायतों में भ्रमण किये जा रहे हैं एवं भ्रमण के दौरान भी नलजल योजना के कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। बैठक में विभाग द्वारा स्थापित हैण्डपम्पों के माध्यम से जलापूर्ति चालू एवं बंद हैण्डपम्पों की स्थिति की समीक्षा सीईओ जिला पंचायत द्वारा की गई। इस दौरान पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री, सभी ब्लॉक के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

## मतदानकर्मियों के प्रशिक्षण में एसडीएम ने कहा- गंभीरता से लें प्रशिक्षण



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के शासकीय कुसुम महाविद्यालय में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण दो पाली में मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थिति में दिया जा रहा है मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से बताया गया मतदान कर्मियों के आचरण नियम, पीठासीन अधिकारी के दायित्व मतदान अधिकारी क्रमांक एक,दो एवं तीन के दायित्व, टेंडर मत, अभ्याक्षेपित मत, दिखावटी मतदान के पश्चात ईवीएम मशीन को सीआरसी करना, मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज बटन दबाना अनिवार्य है। पीठासीन की डायरी के बारे में भी बताया गया सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन का हैंड्स ओंन प्रशिक्षण दिया गया तथा ईवीएम मशीन को कनेक्ट करने के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण का निरीक्षण सहायक रिटर्निंग अधिकारी सरोज परिहार, तहसीलदार राकेश खजूरिया, नायब तहसीलदार नितिन राय, दीप्ति चौधरी द्वारा किया गया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतदान कर्मियों को बताया गया कि सभी मतदान कर्मी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें किसी भी शंका के लिए मास्टर ट्रेनर्स से पूछे तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा प्रशिक्षण में मतदान की बारीकियां के बारे में बताया गया प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स मनोज सोनी उमेश धुर्वे अशोक साहू मनित कुमार दुबे, प्रकाश व्यास, रजनीश जाटव द्वारा दिया जा रहा है।

# मदनमोहन सरकार मंदिर में उत्साहपूर्वक मनाई गई एकादशी



**सिरोंज।** देवाधिदेव मदनमोहन सरकार के सिद्ध चैतन्य दरबार में आमलकी ( रंगभरी ) एकादशी पर विशेष आयोजन हुआ मंदिर के प्रधान पुजारी नवनीत महाराज के द्वारा एकादशी व्रत की कथा के महत्व से श्रद्धालुओं अवगत करते हुए विस्तार से कथा का वर्णन किया श्री सरकार को विशेष प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया महा आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। सरकार को साबूदाना खिचड़ी, मगध, मावा मलाई बर्फी, तांबूल, फल, मेवा, रबड़ी, बर्फी, मेवा, का भोग लगाया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

# नयापुरा छोटी मस्जिद में कुरान शरीफ पूरा होने पर किया रोज़ा इफ्तार



**सिरोंज।** रोजा इफ्तार होने का सिलसिला हुआ चालू सिरोंज की नयापुरा में स्थित छोटी मस्जिद में कुरान पाक पूरा होने की खुशी में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों रोजदार शारिक हुए इसके बाद तराबी पुरी होने हुइ तो आमनो चमन की दुआ भी की गई आयोजन करने वालों हाफिज शमस कमर अनीस गोरी बाबू भाई फिरोज गोरी अजीम गोरी कलीम गोरी साहित स्थानीय लोगों का सहयोग रहा।

# ईश्वरीय रंग में रंगना ही श्रेष्ठ होली:ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा गुलाबगंज में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि अब तक हम केवल विसंगतियों की दूसरों के संग के रंग की माया के रंग तथा केवल स्थूल रंगों की ही होली खेलते आए हैं जिससे होली की प्रासंगिकता ही समाप्त हो गई है होली का अर्थ अंग्रेजी के हिसाब से पवित्र होता है जब मनुष्य विविध प्रकार की बुराइयां कुरीतियां काम, क्रोध आदि विकारों के बसीभूत होकर तथा स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से हानिकारक रंगों की होली खेलते- खेलते विकार सांप्रदायिकता, भेदभाव और नफरत की दलदल में फंस जाता है। तब कल्याणकारी भोलेनाथ शिव बाबा इस पति सृष्टि पर अवतरित होते हैं और जिन बुराइयों के प्रति नशे के लिए भांग आदि का इस्तेमाल किया जाता है उसे अशुद्ध नशे को समाप्त कर नारायणी तथा ईश्वरीय नशे का ज्ञान अमृत पान कराते हैं तथा सर्व मनुष्य आत्माओं को ज्ञान की होली में रंगते हैं हमें ज्ञान से परिपूर्ण होकर एक दूसरे के ऊपर ऐसे ज्ञान का रंग लगाना चाहिए जिससे मनुष्य आत्माओं के अंदर वसुदेव कुटुंबकम और सद्भावना का साम्राज्य स्थापित हो सके। परमात्मा इस सृष्टि पर हमें अमिट ज्ञान के रंग की होली खेलने के लिए भी भेजते हैं परंतु भौतिक चकाचैंध तथा आत्मविश्वमृति के कारण हम सच्चे रंग को छोड़ तन और मन को अवगुणो में धकेलने वाले रंगों का सहारा लेने लगते हैं। जबकि इस सृष्टि में दो ही रंग हैं एक माया का रंग और दूसरा ईश्वर का रंग, सृष्टि रंग मंच पर हर एक मनुष्य इन दोनों में से एक न एक रंग में तो रंगता ही है निसंदेह ईश्वरीय रंग में रंगना श्रेष्ठ होली मनाना है। क्योंकि इस रंग में रंगे हुए मनुष्य ही योगी है माया के रंग में रंगा हुआ मनुष्य तो भोगी है। ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस पर्व के संदर्भ में लोगों की यह मानता है कि भोले शंकर परमात्मा खुद ही भाग आदि का सेवन करते हैं परंतु इसकी आध्यात्मिक व्याख्या के अनुसार सृष्टि पर मानव जगत में व्याप्त बुराइयों के विश् का पान करते हैं तथा ज्ञान अमृत की वर्षा करते हैं जिस रंग की बरसात में हर मनुष्य आत्माएं ज्ञान रंग से परिपूर्ण होकर देव तुल्य हो जाती हैं। वास्तव में यह पर्व आत्मा और परमात्मा के संग ज्ञान रंग



की होली खेलने का यादगार है। हमें होलिका दहन में अपनी बुराइयां, नफरत, अहंकार, वासना तथा आसुरी वृत्तीयां जो स्वयं को तथा दूसरों को भी प्रभावित करती हैं उसको सुहा कर देना चाहिए। परमात्मा शिव द्वारा दिए हुए आध्यात्मिक ज्ञान से रंगे हुए मनुष्य आत्माओं से, संसार से भेदभाव तथा नफरत की आंधी और सामाजिक विकृतियों का नाश हो जाता हैं और फिर एक नई युग की शुरुआत होती है तो हम केवल स्थूल रंग में नहीं बल्कि आध्यात्मिक रंग और ज्ञान के रंग में रंगे तथा आने वाली सुखी दुनिया में जाने की अधिकारी बने। राकेश कटारे जी ने कार्यक्रम के प्रति सद्भावना रखते हुए कहा कि आपने अपना पूरा जीवन ईश्वरीय सेवा मानव उत्थान एवं चरित्र निर्माण के कार्य में लगाया है यह हर कोई नहीं कर सकता आपने गुलाबगंज में सुख शांति की लहर फैला दी है चारों ओर सकारात्मक प्रकंपन है माता बहनों को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रहे हैं। इस तरह के आयोजन होते रहे। कार्यक्रम में जगदीश प्रसाद सेठ, अरुन खेरा, प्राची गुप्ता, हाकम सिंह रघुवंशी, ओमकार, रजनी, आदि अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### इंजीनियर और ठेकेदार की मिलीभगत से हो रहा है भ्रष्टाचार, सत्ता पक्ष के पार्षद प्रतिनिधि ने दिया ज्ञापन

# घटिया सामग्री से हो रहा नाले का निर्माण, धीमी गति बनी रहवासियों का जंजाल



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

स्थानीय वार्ड क्रमांक 02 में शिव मंदिर से लेकर एक्सचेंज कार्यालय तक शुरू हुए नाला निर्माण में ठेकेदार की मनमानी ओर अधिकारियों की लापरवाही से पलीता लगाया जा रहा है। कछुआ चाल से हो रहे इस नाला निर्माण में घटिया एवं मानक अनुसार निर्माण सामग्री के उपयोग नही करने और



स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा बार बार मौखिक रूप से चेताने के बाद भी गुणवत्ता में सुधार नही होने पर पूर्व पार्षद सचिन शर्मा ने लिखित में शिकायत दर्ज करवाई है।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय नागरिकों की मांग पर ओर वार्ड के नागरिको की सुविधा के लिए मुख्य मार्ग पर गंदे पानी की निकासी के लिए बहुप्रतीक्षित नाला निर्माण का कार्य विगत दिनों प्रारम्भ किया गया था लेकिन नाले का काम शुरू होने के साथ ही स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है। हालात यह है कि इस नाले के शुरुआती दौर में ही इतनी घरती खुदाई कर दी गई है कि एक आदमी इसमें समा जाए। अगर यही हाल रहा तो अंतिम छोर तक पहुँचने पर गहराई का आंकलन कितना होगा समझ से परे है। दूसरी ओर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग नही करने से नाले में जगह जगह दरारें भी साफ नजर आने लगी है। जिससे नाले की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

स्थानीय रहवासी श्रवण चैरासिया का कहना है कि ठेकेदार ने हमारे घर के आंगे नाले का निर्माण तो कर दिया लेकिन अंदर से आने वाली नाली को इस नाले से जॉइंट नही किया जिससे पास में खाने के होटल की गंदगी ओर गंदा पानी हमारे हमारे दरवाजे पर ही एकत्रित हो रहा है जिससे बीमारी पनपने की आशंका बढ़ रही है। दूसरी ओर एक महीने से खुदाई हो जाने से यहाँ दुकान करने वाले दुकानदारों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ बेल्डिंग करने वाले भारत धाकड़ ने बताया कि जब से नाले के लिए खुदाई हुई है तब से यहां दुकान करने वाले सभी दुकानदारों का व्यवसाय ठप पड़ा है जिसकी चिंता न ठेकेदार को हे न नपा के अधिकारियों को।

### स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा का कहना है ...

एक ओर जहाँ नाला निमार्ण हो रहा है वहां के रहवासी सहयोग कर रहे है लेकिन जिस गति से काम चल रहा है बहुत धीमा है ऊपर से निर्माण जिस गुणवत्ता के साथ होना चाहिए वह नही हो रहा। नर्मदा रेत के स्थान पर लोकल मिट्टी मिली रेत ओर चूरी का उपयोग किया जा रहा है और सीमेंट भी गुणवत्ताहीन प्रयोग में लाई जा रही है। बार बार बताने ओर समझाने के बाद भी न तो अधिकारी सुन रहे न ठेकेदार। उन्होंने बताया कि वह मौखिक रूप से एसडीएम व नपाध्यक्ष को भी वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुके है लेकिन कोई गंभीरता से ध्यान ही नही दे रहा। तब जाकर आज लिखित में नियमानुसार कार्यवाही करने का निवेदन किया है।

# कृषि उपज मंडी में किसानों को साफ पानी उपलब्ध कराने दिया आवेदन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कृषि उपज मंडी में आने वाले किसानों को साफ स्वच्छ पानी भी मंडी प्रशासन उपलब्ध नहीं कर पा रहा इस वजह से किसानों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा जबकि इन दिनों गर्मी का दौर भी प्रारंभ हो गया है। चिलचिलाती धूप में किसानों को पानी की आवश्यकता लगती है ,यहां पर पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण काफी दूर से पानी लाना पड़ता है । सबसे अधिक परेशानी तालाब के किनारे गेहूं की उपज की नीलामी हो रही यहां पर उपज लेकर पहुंचने वाले किसानों को परेशानी हो रही है। किसाने की परेशानी को लेकर किसान नेता जफर खान ने कलेक्टर को आवेदन देते हुऐ मांग की है मंडी में आने वाले किसानों को पीने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाया जाए जिससे कि किसान पानी के लिए इधर-उधर ना भटके। किसानों से मंडी प्रशासन को आमदनी होती है आज उन्हें कृषकों को मंडी प्रशासन पीने के लिए साफ जल उपलब्ध नहीं कर पा रहा है। जबकि पिछले दिनों हुई बैठक में एसडीएम ने मंडी के अधिकारियों को किसानों के हित में सभी इंतजाम करने के लिए निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों को भी मंडी प्रशासन पूर्ण करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। इस वजह से किसानों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा है।

### भोजपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने

# भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए, नाटक के माध्यम से किया जागरूक, कलेक्टर हुए शामिल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत शत प्रतिशत हो सभी मतदाता भय मुक्त होकर निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें गुरुवार को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर भोजपुरी में कार्यक्रम हुआ जिसमें। कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ की मौजूदगी में कलाकारों ने नाटक के माध्यम से किस तरीके से भय मुक्त होकर निष्पक्ष रूप से मतदान करना है चुनाव में वोट का कितना बड़ा महत्व होता है, चुनाव में किस तरीके से पिलोभन दिए जाते हैं हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है अपने वोट का उपयोग लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष रूप से करना है उसके बारे में बताया।

भोजपुर गांव में विधानसभा निर्वाचन में 91 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिसे लोकसभा निर्वाचन में 100 प्रतिशत मतदान हो उस लक्ष्य को लेकर यहां पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर वैद्य ने ग्रामीण मतदाताओं से आव्हान किया कि जब आप 90 प्रतिशत मतदान कर सकते है तो शत प्रतिशत मतदान क्यों नहीं। शत प्रतिशत मतदान यदि आप करेंगे तो आप देश में आपकी एक अलग पहचान होंगी। उन्होंने पूर्व जिले में शत प्रतिशत मतदान हेतु किए गए नवाचारो की बिन्दुवार जानकारी दी। कलेक्टर कहा कि गांव के विकास में मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम मतदान के प्रति सजग रहेंगे वैसे ही ग्राम के विकास के प्रति सजग रहेंगे। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने नवमतदाताओं व बुर्जुग मतदाताओं का फूल माला पहनाकर स्वागत किया स्वीप अभियान के बारे में



बताया तथा मतदाताओं से आव्हान किया गया कि वे स्वंय भी मतदान करें और दूसरो को भी प्रेरित करें ताकि भोजपुर गांव विदिशा जिले में इतिहास रचे। शासकीय एलबीएस कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड नाटक के माध्यम से ''जो बांटे दारू नोट, उसे कभी ना दे वोट'', को रेखांकित किया। स्थानीय कलाकारो के द्वारा आगंतुको के प्रति स्नेहपूर्वक भजन के माध्यम से स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान एसडीएम हर्षल चैधरी, तहसीलदार संजय चैरसिया आदि मौजूद थे।

### कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

कलेक्टर ने शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित की गई समीक्षा बैठक में अधिकारी कर्मचारियों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए की जा रही तैयारियों के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के कार्यो में सतर्कता बरते, मुख्यालय पर ही रहें। आपसी समन्वय के साथ टीमवर्क की भावना से काम करें। किसी भी प्रकार की निर्वाचन से संबंधित शंका ना रखें। त्वरित उसका समाधान कराएं। स्वंय के साथ-साथ क्षेत्र की ख्याति में वृद्धि करें।

**मेट्रो एंकर**

### लोकसभा उम्मीदवार लता वानखेड़े पथरिया मंडल के ग्रामों में पहुंची

# देवस्थानों में पहुंच कर भाजपा की जीत के लिए मांगा आशीर्वाद





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को 370 मतों से हर केंद्र पर भाजपा को जीतने के लिए लक्ष्य दिया गया है। इस पर भाजपा कार्यकर्ता कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे अपने कार्यकर्ताओं के साथ लगे हुए हैं । इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े ने विधायक हरिसिंह सप्रे के साथ पथरिया मंडल पहुंची उन्होंने बगरोदा, भटौली, रूसल्ली आदि गांवों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। वही देव दर्शन यात्रा के तहत पथरिया के राम जानकी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर जीत का आशीर्वाद लिया और मोदी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद किया।

सरकार द्वारा दिए जा रहे निशुल्क राशन, पीएम आवास अन्य योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से बात की। विधायक हरिसिंह सप्रे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह आप देवताओं विधानसभा चुनाव पथरिया मंडल 7 हजार से अधिक मतों से जीत दिलाई थी। इसी प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव 14 हजार से अधिक मतों से जीत दिलाएं, एक-एक कार्यकर्ता आज से ही लग जाए। तड़कती धूप, गर्मी ना देखें क्योंकि चुनाव के दौरान गर्मी होगी लेकिन हम सभी कार्यकर्ताओं को घर से निकल कर अधिक से अधिक मतदान के लिए कार्य करना है हर पोलिंग बूथ पर 80 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने की जिम्मेदारी एक-एक भाजपा कार्यकर्ता की है। कुरवाई विधानसभा से लता दीदी को एक लाख से अधिक मतों से जिता कर भेजना है। जिससे कि वह सागर लोकसभा में 5 लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज कर सके।

वहीं उन्होंने कहा कि वर्तमान में कांग्रेस के पास ना प्रत्याशी है और ना ही चुनाव लड़ने की क्षमताएं जिस पार्टी ने देश के लिए कुछ किया ही नहीं है तो किस मुंह से वह चुनाव लड़ने आएंगे। वही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर लता वानखेड़े ने कहा कि प्रत्येक बूथ को 370 से अधिक मतों से जीताकर देश के प्रधानमंत्री का मान रखना है। इस बार लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा जो पार्टी ने दिया है, उसे पूरा करना है।इस दौरान , पूर्व मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह रघुवंशी, बनवारी लाल साहू , जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी, महामंत्री अरविंद रघुवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित साहू,राजेश प्रभाकर, प्रशांत पालीवाल, राममोहन पराशर, किसान बबलू रघुवंशी, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चेन्नई नौवीं बार किसी सीजन का पहला मुकाबला खेलेगी

# आईपीएल का महामुकाबला आज से पहला मैच सीएसके-आरसीबी के बीच

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2024 के पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी. सीएसके और आरसीबी का यह मैच चेन्नई में शुक्रवार को खेला जाएगा. सीएसके ने इस सीजन से ठीक पहले बहुत बड़ा बदलाव किया है. टीम की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई है. महेंद्र सिंह धोनी ने खुद ही यह फैसला लिया है. धोनी और टीम की कप्तानी को लेकर सीएसके ने बयान भी जारी किया है. अगर प्लेयर्स को देखा जाए तो आरसीबी का पलड़ा भारी नजर आता है।

चेन्नई के लिए बैंगलोर को टक्कर देना आसान नहीं होगा. उसको नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरना है. इसके साथ-साथ कुछ खिलाड़ी चोटिल भी हैं. इसका भी उसे नुकसान हो सकता है. सीएसके के दिग्गज बल्लेबाज डेवोन कॉनवे शुरुआती मैचों में नहीं खेल सकेंगे. ऐसे में उनके पास अनुभवी खिलाड़ियों का विकल्प कम हो गया है. ऋतुराज का अब परफॉर्मेंस अच्छा रहा है. लेकिन यह देखना होगा कि वे कप्तानी में कितना सफल होते हैं. ऋतुराज सीएसके के लिए ओपनिंग कर सकते हैं. उनके साथ रचिन रवींद्र पारी की शुरुआत कर सकते हैं। विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल जैसे दिग्गज खिलाड़ियों वाली टीम आरसीबी अभी तक एक भी खिताब नहीं जीत पायी है. लेकिन इस बार वह पूरा जोर लगा देगी. आरसीबी के पास दिनेश कार्तिक और रजत पाटीदार भी हैं, जो कि दमदार परफॉर्मेंस कर सकते हैं. अगर आरसीबी के मुकाबले सीएसके को देखें तो वह थोड़ा कमजोर नजर आती है. सीएसके में महेंद्र सिंह धोनी और अजिंक्य रहाणे हैं. लेकिन ज्यादा बड़े नाम नहीं है. हालांकि आईपीएल रिकॉर्ड में सीएसके का आरसीबी पर पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं कुछ भारतीय खिलाड़ी ऐसे हैं, जो आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड कप की टीम में जगह बनाने के प्रति अपनी दावेदारी मजबूत कर सकते हैं।



#### विराट कोहली

टी20 वर्ल्ड कप 2024 को लेकर पहले ही पुष्टि की जा चुकी है कि रोहित शर्मा भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे होंगे, लेकिन विराट कोहली को टीम से बाहर रखने की अफवाहें तूल पकड़ती जा रही हैं. विराट को टीम से बाहर रखने की खबरों को लेकर कई दिग्गज नाराजगी जता चुके हैं. कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय टी20 करियर में 117 मैचों में 51.76 की बेहतरीन औसत से 4,037 रन बनाए हैं, बावजूद उन्हें वर्ल्ड कप टीम में न रखे जाने की खबरें सामने आ रही हैं. अब कोहली आईपीएल 2024 में आरसीबी के स्क्वाड में वापसी कर रहे होंगे।

#### ऋषभ पंत

ऋषभ पंत साल 2022 के दिसंबर महीने में हुई दुर्घटना में गंभीर चोटिल हो गए थे. 14 महीनों तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद वे आईपीएल में मैदान में वापसी कर रहे होंगे। बीसीसीआई फिट होने की पुष्टि कर चुकी है. टी20 मैचों की बात करें तो भारत पंत की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर के तौर पर जितेश शर्मा, संजू सैमसन व ईशान किशन को भी मौका दे चुकी है, लेकिन इनमें से कोई भी टी20 टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाया है।

#### श्रेयस अय्यर

श्रेयस अय्यर पिछले कुछ महीनों से लगातार चर्चा का कारण बने हुए हैं और डोमेस्टिक क्रिकेट ना खेलने के लिए उन्हें बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की सूची से भी बाहर कर दिया था. हालांकि उन्होंने रणजी ट्रॉफी 2023-2024 के फाइनल में मुंबई के लिए दूसरी पारी में 95 रन की अहम पारी खेली थी, लेकिन कमर की चोट एक बार फिर उनपर हावी होने लगी है. एक तरफ चोट उनके लिए चिंता का विषय बनी हुई है, वहीं टीम मैनेजमेंट को रिझाना भी फिलहाल उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगी।

### मंच पर प्रस्तुति देंगे स्टार

## ओपनिंग सेरेमनी में लगेगा बॉलीवुड का तड़का



दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग की ओपनिंग सेरेमनी में तमाम क्रिकेटर्स के साथ बॉलीवुड हस्तियों भी परफोर्मेंस देती नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल 2024 के समारोह में फिल्मी सितारों के साथ ही नामी सिंगर भी अपनी परफोर्मेंस से फैंस का मनोरंजन करेंगे। आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज आज से विजेता चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलौर के बीच एमए चिदम्बरम स्टेडियम चेन्नई में खेला जाएगा। बीसीसीआई इससे पहले उद्घाटन समारोह का आयोजन करने जा रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग की ओपनिंग सेरेमनी में तमाम क्रिकेटर्स के साथ कई बॉलीवुड हस्तियों भी परफोर्मेंस देती नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल 2024 के समारोह में फिल्मी सितारों के साथ ही नामी सिंगर भी अपनी परफोर्मेंस से फैंस का मनोरंजन करेंगे। दरअसल, बीसीसीआई चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम शानदार ओपनिंग सेरेमनी करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईपीएल 2024 के उद्घाटन समारोह में कई सितारों का नाम फाइनल हो चुका है तो कुछ के नाम पर मुहर लगनी अभी बाकी है। इस शो को स्टेडियम के अलावा टीवी और ऑनलाइन भी लाइव देखा जा सकेगा। चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल्य चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच आईपीएल का पहला मुकाबला रात 8 बजे शुरू होगा। इससे पहले 7.30 बजे टॉस होगा। इसी बीच उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा। एचटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल 2024 के उद्घाटन समारोह में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, एआर रहमान के साथ सोनू निगम अपनी परफोर्मेंस देंगे।



## मेट्रो बाजार

## इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लगाने के लिए महिंद्रा-अडानी में करार

**मुंबई, एजेंसी**

देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बढ़ती संख्या को लेकर लगातार इस बात की मांग उठ रही है कि चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए नए-नए समझौते और करार हों और इसी दिशा में एक अच्छी खबर सामने आई है। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने देश भर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए अडानी टोटल गैस की एक इकाई के साथ समझौता किया है. दिग्गज व्हीकल कंपनी ने एक बयान में बताया कि उसने अडानी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) के साथ इस बारे में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सिग्नेचर किए हैं. बयान के मुताबिक एमओयू देशभर में एक डिटेल्ड ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए एक खाका तय करता है. एमएंडएम ने कहा कि इसके अलावा इस पार्टनरशिप में रिसर्च, उपलब्धता, नेविगेशन और ट्रांजेक्शन को कवर करने वाले ग्राहकों के लिए चार्जिंग नेटवर्क तक सीमलेस पहुंच दिलाने के लिए ई-मोबिलिटी सॉल्यूशंस पेश करना भी शामिल होगा. इसमें कहा गया है कि इस सहयोग से इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सयूवी400 कस्टमर्स के पास अब 1100 से ज्यादा चार्जर तक पहुंच होगी. जानिए क्या कहते हैं एमएंडएम के शीर्ष अधिकारी एमएंडएम के व्हीकल सेगमेंट के प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने कहा, यह गठबंधन ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने में एक आधारशिला है. यह तय करता है कि हमारे ग्राहकों को एक अद्वितीय ईवी एक्सपीरीएंस के लिए चार्जिंग नेटवर्क और डिजिटल इंटीग्रेशन तक बिना रुकावट के पहुंच का आनंद मिले।



## सेबी के पूर्व प्रमुख को झटका, 200 करोड़ का लगा जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बाजार नियामक सेबी के पूर्व प्रमुख एम दामोदरन को एक इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है. उनके ऊपर कॉन्ट्रैक्ट लॉसूट का उल्लंघन करने के कारण 200 करोड़ रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया है. सेबी के पूर्व प्रमुख को मामले में 24.84 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने के लिए कहा गया है. भारतीय करेंसी में जुर्माने की यह रकम करीब 206 करोड़ रुपये हो जाती है. यह जुर्माना अपहेल्थ और ग्लोकल हेल्थकेयर सिस्टम्स से जुड़े एक मामले में लगा है. यह जुर्माना अमेरिका में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन के द्वारा लगाया गया है. अपहेल्थ न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनी है. पूर्व सेबी प्रमुख एम दामोदरन ग्लोकल हेल्थकेयर सिस्टम्स में शेयरहोल्डर हैं. दामोदरन के अलावा ग्लोकल हेल्थकेयर सिस्टम्स, उसके प्रमोटर्स, प्रमुख शेयरधारकों और डाइरेक्टर्स के ऊपर भी जुर्माना लगा है।

### मियामी ओपन: पहले दौर में केनिन को हराया

## गैरवरीय कैटी की अगले दौर में 12वीं सीड पाउलिनी से भिड़ंत



**मियामी, दोपहर मेट्रो**

अमरीका की गैरवरीय खिलाड़ी कैटी वॉलिनेट्स ने यहां खेले जा रहे मियामी ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने हमवतन सोफिया केनिन को पहले दौर के कड़े मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-3 से मात दी। जानकारी के अनुसार अब उनकी भिड़ंत इटली की 12वीं वरीय खिलाड़ी जेस्मिन पाउलिनी से होगी, जिन्हें राउंड ऑफ-64 में बाई मिली थी।

## स्विस ओपन बैडमिंटन: किरेन जॉर्ज ने जीत से किया आगाज

**बासेल, एजेंसी**

बैडमिंटन खिलाड़ी किरेन जॉर्ज ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए यहां खेले जा रहे स्विस ओपन के प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुष एकल के पहले दौर में जापानी खिलाड़ी ताकुमा ओवायाशी को सीधे सेटों में 21-18 से शिकस्त दी। अब अंतिम-8 में जगह बनाने के लिए किरेन का मुकाबला फ्रांस के एलेक्स लेनियर से होगा। फ्रांसिसी खिलाड़ी ने भी पहले दौर में जापान के कोकी वाटानाबे को 22-20, 18-21, 21-19 से शिकस्त दी थी।

### द हंड्रेड: बर्मिंघम फीनिक्स का रुख

## भारतीयों में सिर्फ मंधाना और ऋचा का नाम ड्राफ्ट में शामिल





**नईदिल्ली, दोपहर मेट्रो**

भारत से केवल बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष को ही ड्राफ्ट के जरिए द हंड्रेड 2024 सीजन में भाग लेने के लिए चुना गया है. स्मृति सदर्न ब्रेव में लौट आई हैं, जिसके साथ उन्होंने पिछले सीजन में चैंपियनशिप जीती थी. ऋचा पिछले साल लंदन स्पिरिट का हिस्सा बनने के बाद, आगामी सीजन के लिए बर्मिंघम फीनिक्स का रुख करेंगी.

रिचा घोष और स्मृति मंधाना द हंड्रेड ड्राफ्ट के लिए 17 भारतीय खिलाड़ियों ने अप्लाई किया था, लेकिन केवल स्मृति और ऋचा, जो महिला प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम का हिस्सा थीं, उन्हें प्रतियोगिता के 2024 सीजन के लिए खरीददार मिले. द हंड्रेड 23 जुलाई से शुरू हो रहा है. आरसीबी को डब्ल्यूपीएल खिताब दिलाने के अलावा, स्मृति ने 10 मैचों में 300 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं. वहीं ऋचा ने 10 मैचों में 257 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं. इंग्लैंड की विकेटकीपर एमी जोन्स महिला हंड्रेड प्रतियोगिता के लिए ड्राफ्ट में पहली पसंद थी, जो अपने स्थानीय क्लब बर्मिंघम फीनिक्स में एलिसे पेरी और सोफी डिवाइन के साथ फिर से जुड़ गईं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### • एक्टर रणदीप हुड्डा बोले-

## ऐश्वर्या से ज्यादा सरबजीत की बहन संग करीबी रिश्ता बना...

रणदीप हुड्डा ने 8 साल बाद 'सरबजीत' में ऐश्वर्या संग काम का एक्सपीरियंस शेयर किया है। रणदीप ने कहा कि मेकर्स ने ऐश्वर्या को फिल्म में दलबीर कौर के रोल में रियल दिखाने की कोशिश की, पर वो अनरियल थीं?। इस वक्त अपनी फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' को लेकर चर्चा बटोर रहे रणदीप हुड्डा ने ऐश्वर्या राय बच्चन को लेकर हैरानी वाला बयान दिया है। रणदीप हुड्डा ने ऐश्वर्या के साथ फिल्म सरबजीत में काम किया था। फिल्म में रणदीप ने सरबजीत का किरदार निभाया था, और ऐश्वर्या उनकी बहन दलबीर कौर का किरदार निभाया था। सरबजीत साल 2016 में रिलीज हुई थी, और अब जाकर रणदीप ने फिल्म में ऐश्वर्या के काम और उनके साथ का एक्सपीरियंस शेयर किया है। रणदीप हुड्डा ने कहा कि मेकर्स ने फिल्म में ऐश्वर्या को रियल दिखाने की भरपूर कोशिश की, पर वह अनरियल लगीं। मालूम हो कि भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की जिंदगी पर बनी बायोपिक थी। सरबजीत को पाकिस्तान ने आतंकवादी और जासूस बताकर खूब प्रताड़ति किया था। बहन दलबीर कौर ने सरबजीत के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और सरकार से मदद मांगी। फिल्म में सरबजीत और दलबीर के उसी दर्द को दिखाया था। रणदीप हुड्डा ने ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे से बातचीत में कहा, वह बहुत अच्छी थीं, बहुत विनम्र थीं। वह अपना काम अच्छे से करती है। हालांकि, सेट पर हमारी ज्यादा बातचीत नहीं होती थी क्योंकि मेरे बहुत सारे सीन्स उनसे अलग थे। लेकिन जब भी हम साथ में सीन करते थे, तो वह अपना काम अच्छे से करती थीं।



### • फिल्मों की मेकिंग बहुत बड़ा पॉइंट होता है...

## अक्षय की लगातार फ्लॉप फिल्मों पर वासु बोले- पिछली फिल्मों से फर्क नहीं पड़ता...

फिल्म बड़े मियां- छोटे मियां के प्रोड्यूसर वासु भगनानी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को लेकर पूरी तरह श्योर हैं। उन्हें अक्षय और टाइगर के रिसेंट ट्रैक रिकॉर्ड से फर्क नहीं पड़ता है। दरअसल वासु से सवाल किया गया कि क्या वो अक्षय और टाइगर के हालिया ट्रैक रिकॉर्ड को देख कर चिंतित हैं। जवाब में वासु भगनानी ने शाहरुख खान का उदाहरण दिया। वासु ने कहा कि शाहरुख की भी फिल्में पिछले कई सालों से अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही थीं, लेकिन जब उन्होंने कम बैक किया तो इतिहास बन गया। वासु ने कहा कि अक्षय और टाइगर दोनों प्रतिभाशाली कलाकार हैं। इन दोनों एक्टर्स को उनकी फ्लॉप फिल्मों से जज करना सही नहीं है। वासु भगनानी से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के रिसेंट फेलियर पर सवाल किया गया। बॉलीवुड हंगामा से बात करते हुए उन्होंने कहा- यह सब फिल्म दर फिल्म पर निर्भर करता है। वे दोनों शानदार एक्टर्स हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यहां शाहरुख खान से बड़ा कोई उदाहरण ही नहीं है। बेचारे की 5-7 सालों से एक भी फिल्म सही से नहीं चली थी। बड़े मियां-छोटे मियां के जरिए पहली बार अक्षय और टाइगर की जोड़ी देखने को मिलेगी। बड़े मियां-छोटे मियां के जरिए पहली बार अक्षय और टाइगर की जोड़ी देखने को मिलेगी। वासु ने कहा कि फिल्में नहीं चलतीं, इसके कसूरवार सिर्फ एक्टर्स थोड़ी होते हैं। रिलीज होने की टाइमिंग से भी फर्क पड़ता है। फिल्मों की मेकिंग कैसे हुई है, यह भी बहुत बड़ा पॉइंट होता है। वासु ने यहां अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज का जिक्र किया। उन्होंने कहा- इस फिल्म के रिलीज के दो हफ्ते बाद उत्तराखंड में एक टनल गिर गया था। अगर उस वक्त यह फिल्म रिलीज होती तो इसका फुटफॉल्स और बेहतर होता।



### • बीते दिनों को याद कर अभिनेत्री रानी मुखर्जी हुई भावुक

## एक्टर आमिर खान के ऑटोग्राफ के लिए स्कूल बंक किया था, आमिर ने ध्यान नहीं दिया तो टूटा दिल



गुलाम, कुछ कुछ होता है, हर दिल जो प्यार करेगा, ब्लैक जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं रानी मुखर्जी 46 साल की हो चकी हैं। 21 मार्च 1978 को जन्मीं रानी मुखर्जी एक फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जिनके पिता राम मुखर्जी एक जाने-माने प्रोड्यूसर थे और मां कृष्णा मुखर्जी एक सिंगर। फिल्में रानी की रगों में बसती थीं। बचपन में रानी, अमिताभ बच्चन, माधुरी दीक्षित, श्रीदेवी, आमिर खान की फैन हुआ करती थीं। एक बार तो रानी स्कूल बंक कर आमिर खान का ऑटोग्राफ लेने उनकी फिल्म के सेट पर भी पहुंची थीं। किसे पता था कि वही रानी आमिर खान के साथ फिल्म कर स्टारडम हासिल करेंगी। ये बात भी सच है कि रानी कभी फिल्मों में नहीं आना चाहती थीं, लेकिन जब पिता की बाइपास सर्जरी के बाद कमाई बंद हुई, तो उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी उठाई और मां के कहने पर फिल्मों में आ गईं। हालांकि, ये सफर उनके लिए आसान नहीं रहा। जब उन्होंने पहला स्क्रीन टेस्ट दिया, तो वो इतना खराब था कि मां ने प्रोड्यूसर से कहा था- मेरी बेटी को कास्ट मत करना। 21 मार्च 1978 को रानी मुखर्जी का जन्म मुंबई में हुआ था। रानी की मां कृष्णा मुखर्जी ने उन्हें देखा और फिर उन्हें किड्स वॉर्ड में ले जाया गया। कुछ देर बाद जब नर्स ने कृष्णा मुखर्जी को बच्ची सौंपी, तो उसे देखते ही उन्हें शक होने लगा। जैसे ही उन्होंने गौर किया तो देखा कि बच्ची की आंखें गहरी भूरी नहीं है। उन्होंने नर्स से कहा, ये मेरी बच्ची नहीं है। इस बच्ची की आंखें कत्थई नहीं हैं, मेरी बेटी की आंखे कत्थई हैं, जाओ उसे ढूंढ कर लाओ। वहीं दूसरी तरफ एक पंजाबी फैमिली को रानी सौंपी जा चुकी थीं। जब रानी की खोज शुरू हुई, तो पता चला कि रानी को एक पंजाबी परिवार के हवाले कर दिया गया है। रानी की मां उस वॉर्ड में गईं और बेटी को वापस ले आईं। ये कहानी रानी ने एक इंटरव्यू में सुनाई थी। रानी ने मुंबई के मानेकजी कूपर हाई स्कूल से पढ़ाई की थी। उन्हें बचपन से ही फिल्में देखने का शौक था। अमिताभ बच्चन, श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित उनके पसंदीदा एक्टर्स हुआ करते थे। जब साल 1988 में आमिर खान की फिल्म कयामत से कयामत तक रिलीज हुई, तो देश की हर लड़की की तरह रानी मुखर्जी भी आमिर खान की फैन हो गईं। एक दिन रानी को पता चला कि आमिर खान उनके स्कूल के पास ही फिल्म लव लव लव की शूटिंग कर रहे हैं। ऐसे में रानी ने स्कूल बंक किया और फिल्म के सेट पर पहुंच गईं। अपनी ऑटोग्राफ बुक में रानी ने आमिर के लिए 'डियर आमिर' लिखा था, उन्हें लगा कि आमिर ये देखकर खुश होंगे, लेकिन हुआ इसका उल्टा। सेट पर आमिर ने रानी के हाथ से गुस्से में डायरी ली, साइन किया और डायरी लौटा दी। आमिर ने रानी को देखा तक नहीं, जिससे उन्हें काफी ठेस पहुंची थी।

## संक्षिप्त समाचार

### धक्का देने पर गिरने से आई चोट के कारण हुई थी युवक की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**भोपाल।** गांधी नगर पुलिस ने एक युवक की मौत के मामले में मृतक के बड़े भाई के खिलाफ इरादतन हत्या का का केस दर्ज किया है। जांच के दौरान मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि बड़े भाई ने उसे धक्का दिया था, जिसके बाद वह गिरने से बेहोश गया था। पुलिस के मुताबिक नयापुरा जेल रोड गांधी नगर निवासी संतोष यादव (36) दूध डेयरी चलाता था। बीती सात मार्च की सुबह करीब 9 बजे पड़ोस में रहने वाला बड़ा भाई जगदीश यादव दूध लेने के लिए संतोष के पास पहुंचा था। संतोष ने बोला कि कुछ देर बाद वह उसे दूध देगा, जिस पर जगदीश बहस करने लगा। इस दौरान जगदीश ने संतोष को धक्का दे दिया, जिससे वह भैंस के खाने वाले गड्डे में गिरकर बेहोश हो गया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। मर्ग जांच के बाद मृतक की पत्नी रेखा यादव ने बड़े भाई जगदीश पर धक्का देकर गिराने की बात कही थी, जिस पर पुलिस ने जगदीश के खिलाफ केस कर उसे जेल भेज दिया।

### करंट से झुलसकर किसान की मौत


फाइल फोटो

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित किलोल गरेठिया गांव में करंट से झुलसकर एक किसान की मौत हो गई। करंट लगने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रिंकू साहू पिता कोमल साहू (30) गांव किलोल गरेठिया में रहता था। उसका खेत में ही मकान बना है। गुरुवार सुबह वह मकान में लाइट सुधार रहा?था, तभी उसे करंट लग गया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बताया कि रिंकू की मौत हो चुकी है।

### फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लॉट हड़पा, भाई पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भोपाल।** एमपीनगर पुलिस ने छोटे भाई की शिकायत पर उसके बड़े भाई-भाभी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धारा में मामला दर्ज किया है। छोटे भाई ने आरोप लगाया कि बड़े भाई ने उसके प्लॉट के जाली दस्तावेज बनाकर प्राइवेट बैंक से 22.59 लाख रूपए का लोन लिया। पुलिस के अनुसार, पंचवटी कॉलोनी निवासी महेश शर्मा खेती-किसान हैं। उनके बड़े भाई ललित शर्मा हैं। दोनों के नाम से करोंद में एक प्लाट था। इस प्लाट पर महेश शर्मा ने बिल्डिंग बना ली है। ललित शर्मा ने वर्ष 2017 में इसी भवन की रजिस्ट्री लगाकर एमपीनगर विशाल मेगा मार्ट के ऊपर स्थित निजी बैंक से लोन लिया। ललित ने छोटे भाई महेश शर्मा के फर्जी हस्ताक्षर, आईडी लगाकर चुपके से 22.59 लाख रूपए का लोन निकाल लिया। महेश शर्मा अपना बिजनेस शुरू करने करोंद स्थित इलाहाबाद बैंक से संपर्क किया तो पता लगा कि उनके नाम से पहले से लोन है। पता चला कि उनके भाई ने ही लोन लिया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी देहात ने ली बैठक

# चैकिंग के लिए सभी थानों को बांटे ब्रीथ एनालाइजर

भोपाल, दोपहर मेट्रो



**अपराधियों पर कार्रवाई के निर्देश**

आगामी लोकसभा चुनाव को शांति और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा त्यौहारों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने गुरुवार को जिले के राजपत्रित अधिकारियों और सभी थाना प्रभारियों की बैठक ली। इस अवसर पर सभी थानों को चैकिंग के लिए सभी थानों को ब्रीथ एनालाइजर वितरित किए गए। साथ ही अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक देहात के कार्यालय में आयोजित इस बैठक में एएसपी देहात डॉ. नीरज चौरसिया, एसडीओपी आनंद कलादगी, मंजू चौहान, प्रिया सिंधी समेत सभी थानों के थाना प्रभारी उपस्थित रहे। एसपी श्री सिन्हा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने के लिए निर्वाचन आयोग एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अवैध शराब, अवैध हथियार और मादक पदार्थ रखने, बेचने तता परिवहन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चुनाव के दौरान जो भी असामाजिक तत्व बाधा उत्पन्न कर सकते हैं, उनकी पहचान कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, अंतरिम एवं अंतिम बाउंड ओवर की कार्रवाई की जाए। एसपी श्री सिन्हा ने पुलिस अधिकारियों को मतदान केंद्रों का भ्रमण करने, आमजन से लगातार चर्चा कर चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु विश्वास एवं भयमुक्त माहौल निर्मित करने के निर्देश दिए। साथ ही थानों में लंबित प्रकरणों और वारंटियों की गिरफ्तारी करने तथा आर्म्स लायसेंसों को शत प्रतिशत थानों में जमा करवाने की बात कही।

मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज

# स्पॉट फाइन करने का कहा तो नगर निगमकर्मी को पीटा

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन नगर में चाय की दुकान वाले ने नगर निगम के ड्राइवर की पिटाई कर दी। दरअसल, ड्राइवर, सुपरवाईजर और वार्ड प्रभारी के साथ दुकानों की रूटीन चेकिंग करने पहुंचा था। इस दौरान चाय की दुकान के बाहर गंदगी नजर आई। दुकानदार से गंदगी साफ कराने की बात कही तो वह भड़क गया और उसने नगर निगमकर्मी से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोपी ने नगर निगमकर्मी को जातिसूचक शब्द भी कहें है।**

पुलिस ने नगर निगमकर्मी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार राकेश मकोरिया, नगर निगम की गाड़ी चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना करते हुए बताया कि गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास वह वार्ड प्रभारी, सुपरवाईजर समेत अन्य कर्मचारियों के साथ अर्जुन नगर, ऐशबाग सलमान की चाय की दुकान पर पहुंचे थे। इस दौरान दुकान के बाहर गंदगी मिली। राकेश मकोरिया ने बताया कि उनके हाथ में चालान काटने वाली मशीन?थी और उन्होंने सलमान से कहा कि दुकान के आसपास सफाई करा लेना नहीं तो चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसी बात को लेकर राकेश और सलमान के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर सलमान ने राकेश के साथ मारपीट कर दी। राकेश ने बताया कि सलमान की दुकान पर पूर्व में भी गंदगी मिलने के कारण नाटिस दिया जा चुका है।



फाइल फोटो

### पति की नाईट ड्यूटी से नाराज नवविवाहिता ने लगाई फांसी, अस्पताल ले जाने पर मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

सूखी सेवनिया इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता ने बुधवार-गुरुवार रात घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि पति की नाइट ड्यूटी को लेकर वह नाराज हो गई थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मामले की जांच की जा रही है।



पुलिस के मुताबिक सोनम चिड़ार (27) मूलत- गंजबासौदा विदिशा की रहने वाली थी। करीब दो साल पहले उसकी शादी सूखी सेवनिया स्थित रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले अंकित चिड़ार के साथ हुई थी। अंकित एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। फिलहाल उसकी नाईट ड्यूटी चल रही थी। सोनम ने अंकित से बोला था कि वह नाईट के बजाए दिन में ड्यूटी किया करे, लेकिन उसकी ड्यूटी नहीं बदल पाई। बुधवार की रात करीब दो बजे दोनों के बीच फोन पर बातचीत हो रही थी। इस दौरान सोनम ने नाराज होकर फोन काट दिया। दोबारा काल करने पर उसने फोन रिसीव नहीं किया तो अंकित ने अपनी मां को फोन लगाकर उसे देखने का बोला। सास जब सोनम के कमरे में पहुंची तो वह फांसी पर लटक रही थी। आसपास के लोगों की मदद से उसे तुरंत ही फंदे से उतारकर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद सोनम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण जांच एसीपी द्वारा की जाएगी।

## छठी मंजिल से गिरकर 69 साल के बुजुर्ग की मौत

■ **आत्महत्या या हादसा जांच में जुटी पुलिस**


फाइल फोटो

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित आईकॉन अपार्टमेंट में 69 साल के बुजुर्ग की छठी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह करीब सात बजे के आसपास की है। घटना के समय वे घर से छठे फ्लोर पर पानी की टंकी चेक करने के लिए गए थे। रहवासियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार नारायण कनवजिया (69) आईकॉन अपार्टमेंट फ्लैट नंबर 108 में रहते थे। गुरुवार सुबह वह छत पर छठीं मंजिल पर पानी की टंकी चेक करने गए थे। इसके बाद नीचे गिर गए। उनके गिरने की आवाज सुनकर परिजन और रहवासी पहुंचे थे, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। करीब पार्किंग को मिलाकर पूरे अपार्टमेंट की ऊंचााई करीब सत्तर फीट के आसपास होगी। इतनी ऊंचाई से गिरने के कारण उनका भेजा पूरी तरह से बाहर आ गया था।

**पानी की थी समस्या**

परिजन ने बताया कि अपार्टमेंट में कुछ दिनों से पानी ठीक से नहीं आ रहा है। पानी की किल्लत के कारण वह प्रतिदिन सुबह पानी देखने के लिए छत पर जाते थे। इसके अलावा परिजन से पुलिस पूछताछ नहीं कर सकी है। पुलिस का कहना है कि कनवाजिया प्राइवेट काम करते थे और रिटायर्ड हो चुके थे।

### एक्सीडेंट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

खजूरी सड़क इलाके में एक्सीडेंट में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक राजकुमार अहिरवार (27) सीहोर का रहने वाला था और प्रायवेट काम करता था। चार दिन पहले वह रात के समय किसी काम से भोपाल की तरफ आ रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रक की लाइट पड़ने पर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क किनारे गड्डे में गिरकर घायल हो गया था। घटना के बाद से उसे होश नहीं आया था। परिजनों ने राजकुमार को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां बुधवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


फाइल फोटो

### मोटर साइकिल से साईड बैग में रखे 50 हजार रुपए और कागजात चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

टीटी नगर थानांतर्गत डिपो चौराहे पर खड़ी एक मोटर सायकिल के साईड बैग में रखे 50 हजार रुपए नकद और कागजात चोरो हो गए। घटना के समय बाइक चालक पास ही स्थित दुकान पर चाय पीने चले गए थे। कुछ देर बाद बाद वापस लौटे तो नोटों वाला झोला गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकाले जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक भूपेंद्र सिंह परिहार (28) ग्राम मेंडोरा रातीबड़ में रहते हैं और कैटरिंग का काम करते हैं। उन्हें अपने कारोबार के लिए एक आटो की जरूरत थी। आटो खरीदने के लिए उन्होंने एक फायनेंस कंपनी से बात कर ली थी। इसी सौदे के लिए गुरुवार सुबह भूपेंद्र सिंह घर से 50 हजार रुपये नकद और आधार कार्ड समेत अन्य कागजात लेकर निकले थे। यह रुपए उन्होंने एक झोले में रखा और झोले को मोटर सायकिल के साईड में लगे बैग के अंदर रख दिया। सुबह करीब सवा दस बजे भूपेंद्र डिपो चौराहा पहुंचे और दुकान के सामने बाइक खड़ी कर चाय पीने चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो बाइक के बैग में रखा नोटों और कागजातों वाला झोला गायब हो चुका था। आसपास तलाश करने पर भी जब झोले का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मेट्रो एंकर** होली, रंगपंचमी, रमजान को लेकर मुस्तैदी

# संवेदनशील क्षेत्रों में रहेगी विजिबिलिटी, सोशल मीडिया पर पुलिस रखेगी नजर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने और होली, धुलेंडी व रंगपंचमी समेत रमजान होने के कारण पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कमिश्नर ने पेंडिंग अपराधों की थानेवार समीक्षा की और महिला संबंधी अपराधों एवं गंभीर अपराधों में फरार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। उन्होंने मादक पदार्थ, हथियार और शराब का कारोबार करने वालों पर एनडीपीएस, आर्म्स और आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई करने का कहा।




पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र ने कहा कि होलिका दहन, धुलेंडी व चल समारोह, जुलूस के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी व अन्य अधिकारियों द्वारा थाना मोहल्ले, कॉलोनियों में आमजन, व्यापारीगण व होली समिति, शांति सुरक्षा समिति के साथ संवाद आयोजित करें। त्यौहार भाई-चारा, सद्भावना व शांतिपूर्ण तरीके मनाने के लिए नागरिको से अपील करें। होलिका दहन, धुलेंडी एवं चल समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होनी चाहिए। पुलिस का सहयोग करने व किसी भी अफवाहों पर ध्यान नही देने व पुलिस को सूचना देने हेतु आगृह करें। पुलिस का विशेष सहयोग के लिए नगर, ग्राम रक्षा समिति को आवश्यक सुझाव व दिशा निर्देश देने के भी निर्देश दिए गए।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022